नई दिल्ली
सोमवार, 10 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 302
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 11

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अक्षयवट और श्री बड़े हनुमानजी का करेंगी दर्शन

# राष्ट्रपति मुर्मू आज संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी।



वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ में पावन स्नान किया था।

आज 'परीक्षा पे चर्चा'

# प्रधानमंत्री मोदी सीधे छात्रों और उनके माता-पिता, शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे, परीक्षा की तैयारी और तनाव प्रबंधन पर देंगे मार्गदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्कूली छात्रों के साथ आज 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) करेंगे। आज होने वाली ये चर्चा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सुंदर नर्सरी में होगी।

सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री सीधे छात्रों और उनके माता-पिता, शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। पीपीसी के प्रत्येक संस्करण में परीक्षा से ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खास बातें**

- दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल पर टेलीकास्ट होगा
- इस बार 5 करोड़ से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है

### 8 दिलचस्प एपिसोड शामिल होंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों से परीक्षा पे चर्चा 2025 देखने का आग्रह करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 'परीक्षा पे चर्चा' वापस आ गई है और वह भी नए और जीवंत प्रारूप में! सभी परीक्षार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों से पीपीसी 2025 देखने का आग्रह करता हूं, जिसमें तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले 8 बहुत ही दिलचस्प एपिसोड शामिल हैं!



### प्रत्येक राज्य से चुने गए 36 छात्र

पीपीसी का 8वां संस्करण पहले ही एक नया मानदंड स्थापित कर चुका है। 5 करोड़ से अधिक भागीदारी के साथ, इस वर्ष का कार्यक्रम एक जन आंदोलन के रूप में अपनी स्थिति को दर्ज कराएगा, जो सीखने के सामूहिक रूप से जश्न मनाने को प्रेरित करेगा। इस वर्ष, सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 36 छात्रों का चयन राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बोर्ड के सरकारी स्कूलों, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई और नवोदय विद्यालय से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रत्येक एपिसोड प्रमुख विषयों को संबोधित करेगा

- खेल और अनुशासन - एमसी मैरीकॉम, अवनी लेखारा और सुहास यतिराज अनुशासन के जरिए लक्ष्य निर्धारण, संघर्ष क्षमता और तनाव प्रबंधन पर चर्चा करेंगे।
- मानसिक स्वास्थ्य - दीपिका पादुकोण भावनात्मक कल्याण और आत्म-अभिव्यक्ति के महत्व पर बल देंगी।
- पोषण - विशेषज्ञ शोनाली सभरवाल, रुजुता दिवेकर और रेवंत हिमात्सिंगका (खाद्य किसान) स्वस्थ खान-पान की आदतों, नींद और समग्र कल्याण पर रोशनी डालेंगे।
- प्रौद्योगिकी एवं वित्त - गौरव चौधरी (तकनीकी गुरुजी) और राधिका गुप्ता प्रौद्योगिकी को एक ज्ञानार्जन टूल और वित्तीय साक्षरता के रूप में कैसे इस्तेमाल किया जाए, इसके बारे में बताएंगे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### पीएम मोदी आज से तीन दिवसीय फ्रांस दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। वे



फ्रांस द्वारा आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के आमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ ही वह इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

### श्रद्धा वाल्कर के पिता की हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली।** तीन साल पुराने श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड का फैसला अभी तक नहीं आया, लेकिन श्रद्धा



के पिता विकास वालकर का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। विकास अपनी बेटी का केस लड़ रहे थे। उन्हें बेटी की अस्थियों का इंतजार था ताकि उसका अंतिम संस्कार कर पाते, इससे पहले ही उनका निधन हो गया।

### आतिशी के डांस पर मालीवाल का तंज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी की हार पर पूर्व सीएम आतिशी ने



कालकाजी विधानसभा से जीत के बाद कहा था कि जश्न मनाने का समय नहीं। फिर उनका एक वीडियो सामने आया। जिसमें वो जीत का जश्न मनाते हुए दिख रही थीं। इस पर आप से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने लिखा कि यह कैसी बेशर्मी है?

केजरीवाल को धूल चटाने के बाद प्रवेश वर्मा सीएम पद के प्रबल दावेदार बनकर उभरे

# दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम पर भाजपा में मंथन शुरू, अमित शाह से मिले नड्डा

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर भाजपा हाईकमान ने मंथन शुरू कर दिया है। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ दिल्ली में सरकार गठन को लेकर चर्चा की। शाह के सरकारी आवास पर नड्डा पहुंचे।

सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच दिल्ली में भाजपा की सरकार में शामिल होने वाले नामों को लेकर विचार विमर्श हुआ। किस विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जाए, यह पार्टी के सामने बड़ा सवाल है। दिल्ली में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्री भी बनाये जाने हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में मुख्यमंत्री पद के संभावित चेहरों के अलवा मंत्रियों के नामों पर भी मंथन हुआ। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और केबिनेट में मंत्री कौन होंगे इसे लेकर एक पैनल तैयार किया जाएगा। यह पैनल जिसमें हर पद के लिए दो से तीन नाम होंगे, प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरियाणा, राजस्थान, मप्र और ओडिशा की तर्ज पर चौंका भी सकता है भाजपा हाईकमान

मुख्यमंत्री पद के लिए शिखा राय और सतीश उपाध्याय का नाम भी चर्चा में

विजेन्द्र, सिरसा, रेखा गुप्ता, रविंद्र इंदराज और पवन शर्मा सहित कई विधायक मंत्री बनने की दौड़ में



### मुख्यमंत्री तय करना आसान नहीं कई समीकरण साधे जाएंगे

भाजपा 27 साल बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। इतने लंबे अंतराल के बाद सत्ता में लौटी भाजपा मुख्यमंत्री तय करते समय कई समीकरणों को साधेगी, यह लगभग तय है। जातीय और क्षेत्रीय आधार एक बड़ा फैक्टर रहेगा। मंत्रीमंडल गठन में सभी प्रमुख जातियों और वर्गों की भागीदारी रहे इस पर जोर रहेगा। दिल्ली में एक परंपरा रही है कि मंत्रिमंडल में जाट, वैश्य, एससी, ब्राह्मण,पंजाबी या सिख, पूर्वांचली, महिला को तरजीह दी जाती है।

### मुख्यमंत्री पद के लिए प्रवेश वर्मा सबसे मजबूत चेहरा

नई दिल्ली सीट पर अरविंद केजरीवाल को हराने के बाद प्रवेश वर्मा का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे मजबूत माना जा रहा है। नरेला से लेकर बदरपुर तक फैले दिल्ली देहात ने भाजपा को तगड़ा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पूर्वांचली फैक्टर पर भी भाजपा की नजर

भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सीएम पद के लिए पूर्वांचली फैक्टर पर भी विचार कर रहा है। दिल्ली में पूर्वांचली मतदाताओं की भारी तादाद इसकी बड़ी वजह है। बताया ▶▶ शेष पेज 5 पर

**हरियाणा, राजस्थान, मप्र और ओडिशा में चौंकाया**

भाजपा ने मुख्यमंत्री तय करने के मामले में हरियाणा, राजस्थान, मप्र और ओडिशा में आम लोगों के साथ साथ पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को चौंकाया था। नायब सैनी, भजनलाल शर्मा, मोहन यादव और मोहन चरण मांझी को जब मुख्यमंत्री बनाया तो किसी को अंदाजा भी नहीं था। हो सकता है कि भाजपा हाईकमान दिल्ली में भी एक बार फिर यह फार्मूला आजमा डाले।

### आतिशी के बाद भाजपा भी महिला को बना सकती है सीएम!

दिल्ली में भाजपा से सुषमा स्वराज, कांग्रेस से शीला दीक्षित और आप से आतिशी मुख्यमंत्री का पद संभाल चुकी हैं। ऐसे में यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि भाजपा किसी महिला को भी मुख्यमंत्री पद की बागडोर सौंप सकती है। इस चुनाव में आप और भाजपा दोनों का बड़ा फोकस महिलाओं मतदाताओं पर रहा। महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर भाजपा ने तो आप से भी ज्यादा जोर अपने संकल्प पत्र में दिया था। अगर ऐसा होता है तो ग्रेटर कैलाश सीट से विधायक बनी शिखा राय सबसे मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मंत्री बनने की दौड़ में कई विधायक

दिल्ली सरकार में मंत्री बनने के संभावित चेहरों में वैश्य वर्ग से विजेन्द्र गुप्ता, डॉ. अनिल गोयल, तिलकराम गुप्ता का नाम चर्चा में है। ब्राह्मण कोटे से सतीश उपाध्याय, पवन शर्मा, अनिल शर्मा व पूनम शर्मा को दावेदार माना जा रहा है। पंजाबी या सिख कोटे से मनजिंदर सिरसा सबसे आगे बताये जा रहे हैं, इनके अलावा आशीष सूद भी दौड़ में हैं। एससी वर्ग से रविंद्र इंदराज, राजकुमार चौहान और रविकांत प्रबल दोवदार माने जा रहे हैं। अगर प्रवेश वर्मा को सीएम नहीं बनाया जाता है तो उन्हें जाट कोटे से मंत्री बनाया जाएगा ये लगभग तय ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई, यह नक्सलियों के लिए सुरक्षित ठिकाना

# दनादन गोलीबारी के बीच नक्सलियों की मांद में घुसे जवानों ने 31 को ठोक डाला

**दो जवान शहीद दो घायल हुए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबल के जवानों ने रविवार को मुठभेड़ के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की शहीद हुए हैं जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस साल नक्सलियों के खिलाफ यह सबसे बड़ा अभियान है। इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 81 नक्सलियों को मार गिराया है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई। जब विभिन्न ▶▶ शेष पेज 5 पर

**ये भी मुठभेड़**

- 25 मई 2024 : सुकमा और बीजापुर जिले में 3 नक्सली ढेर
- 8 जून : अबूझमाड़ के आमदई एरिया में 6 नक्सली मारे गए
- 10 मई : बीजापुर में 12 नक्सलियों को मौत की नींद सुलाया
- 15 जून : नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच 8 नक्सली ढेर
- 3 सितंबर : दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर नौ माओवादी ढेर
- 5 सितंबर : छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सली ढेर
- 22 नवंबर : सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में 10 नक्सली ढेर

राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा चल रही

## मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा, शाह से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

- 200 लोगों के मारे जाने के बाद उन पर था इस्तीफे का दबाव

शनिवार रात को उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। पिछले साल के अंत में राज्य में जातीय हिंसा को



लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। राज्यपाल को सौंपे गए अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की ▶▶ शेष पेज 5 पर

इंदौर से बहन की शादी में विदिशा आई थी

## महिला संगीत में डांस कर रही युवती की मंच पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शादी समारोह में महिला संगीत के कार्यक्रम के दौरान मंच पर डांस करते-करते एक युवती की मौत हो गई। युवती इंदौर की रहने वाली थी। विदिशा में अपनी कजिन सिस्टर की शादी में शामिल होने आई थी।

ये घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि परिणीता (23) नाम की युवती मंच पर डांस कर रही है।



इसी दौरान 'लहरा के बलखा के..' गाना बजता है। युवती इस गाने पर डांस स्टेप करती है। तभी अचानक खड़े-खड़े ही मुंह के बल मंच पर गिर जाती है। आशंका है कि डांस करते समय ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री ने दिल्ली के हरियाणा भवन में जलेबियां खिलाकर जनता का जताया आभार

## अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है। अब मोदी जी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी, लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री सैनी रविवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर ▶▶ शेष पेज 5 पर



- कहा, दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर लगाई मोहर
- सीएम बोले, दिल्ली की जनता ने झूठ बोलकर लोगों को बहकाने वाले केजरीवाल से छुटकारा पाया

### कर्तव्य पथ व इंडिया गेट की बजाय यमुना बनेगा अगला टूरिस्ट डेस्टिनेशन

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली अब विकसित भारत के साथ अपने कदमताल करेगी। यमुना रिवर फ्रंट को इतना सुंदर बनाया जाएगा कि लोग कर्तव्य पथ व इंडिया गेट की बजाय वहां घूमना पसंद करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुना को स्वच्छ करने व सौंदर्यीकरण करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को खत्म करने के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

हुड्डा का हालचाल पूछते हुए प्रधानमंत्री का वीडियो वायरल, चर्चाएं तेज

## पीएम मोदी भूपेन्द्र हुड्डा से बोले-कहां हो भाई आजकल? आइए कभी मिलिए

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का हालचाल पूछते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इसमें पीएम हुड्डा को देखकर पूछते हैं 'कहां हो भाई आजकल? आइए कभी मिलिए। यह वीडियो पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ के भाई पूर्व मंत्री सज्जन कुमार जाखड़ के पौत्र जयवीर की रिसेप्शन का है। यह रिसेप्शन 5 फरवरी को दिल्ली के एक होटल में आयोजित की गई थी, जहां पर पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, उनके पुत्र दीपेन्द्र हुड्डा सहित राजनीति की अनेक दिग्गज हस्तियां मौजूद थी। मोदी यही नहीं रुके, समारोह ▶▶ शेष पेज 5 पर




### 30 सेकेंड का वीडियो

मोदी से हुड्डा पिता-पुत्र की मुलाकात का करीब 30 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो किसी ने हुड्डा के पीछे खड़े होकर बनाया। इस वीडियो में मोदी सिक्योरिटी स्टाफ के बीच चलते नजर आ रहे हैं। वह साइड में खड़े लोगों का हाथ जोडक़र अभिवादन करते हुए बढ़ रहे हैं। इसी दौरान पीएम साइड में खड़े भूपेंद्र हुड्डा का दूर से ही हाल पूछते हैं। वह कहते हैं, 'चलें, हुड्डा साहब? अरे वाह! कहां हो भाई आजकल? हुड्डा बोले : नमस्कार जी, ठीक हैं। पीएम ने कहा, सब ठीक हैं न? मिलिए भाई आकर कभी भी।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कई साल से चुनिंदा शहर ही टॉप थ्री में आ रहे हैं, इसलिए ये नई व्यवस्था

## स्वच्छता के लिए टॉप थ्री शहरों की बनेगी 'अलग लीग'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

परमाणु ऊर्जा, आवास व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कई सालों से चुनिंदा शहर ही टॉप थ्री में आ रहे हैं। इसके लिए अब नई व्यवस्था बनाई जा रही है।

टॉप थ्री शहरों की अलग से लीग बनाकर उनके बीच प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। इसमें जो शहर पास नहीं होंगे, उन्हें बाहर सामान्य कैटेगरी में ▶▶ शेष पेज 5 पर

होगी प्रतिस्पर्धा, पास न हुए तो सामान्य श्रेणी में रखे जाएंगे

इससे नए शहर जो प्रयास कर रहे हैं उनमें से फर्स्ट सेकंड व थर्ड आ सकेंगे



### तीन शहरों में जो सबसे नीचे, वह हो जाएगा बाहर

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि हम लोगों की शिकायत का समाधान ढूंढ़ रहे हैं। इसके लिए पिछले चार सालों से फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले शहरों के लिए अलग लीग बनाएंगे। फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले शहरों में जो सबसे नीचे रहेगा ,उसे इस लीग से बाहर कर दिया जाएगा। वह शहर नए शहरों के साथ कम्पीट करेगा। इससे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केजरीवाल का 'जहर वाला बयान' उनको महंगा पड़ गया

खट्टर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के संदर्भ में कहा कि पानी को लेकर विवाद कई राज्यों के बीच में है। इसे सुलझाने की कोशिश करने की बजाए अरविंद केजरीवाल कहते थे कि 2025 का चुनाव यमुना को साफ करने के बाद ही लड़ूंगा। यमुना साफ नहीं कर पाए तो हरियाणा पर पानी में जहर घोलने का अरोप जड़ दिया। उन्होंने कहा कि यह बयान केजरीवाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बवाना में वारदात, एक आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

# रसोइए की पीट पीटकर निर्मम हत्या, प्राइवेट पार्ट में रॉड भी डाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बवाना इलाके में एक युवक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मृतक मनोज उर्फ बाबू का शव बवाना फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे पड़ा मिला था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये रविवार को एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम सुशांत शर्मा उर्फ चुटकुली (24) बताया गया है। वह कराला का रहने वाला है। दो आरोपी अभी फरार है। उनकी तलाश में कई टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मृतक युवक शादियों में खाना बनाने का काम करता था। लौटते समय उससे खाना आरटीवी बस की सीट पर गिर गया था। इससे गुस्साए आरटीवी चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार बवाना फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे शव मिलने का यह मामला दो फरवरी को सामने आया था। आईओ मौके पर पहुंचे और अज्ञात पुरुष का शव बीएसए अस्पताल, रोहिणी के शवगृह भिजवाया। मृतक के शरीर पर कोई प्रत्यक्ष चोट नहीं थी। इसलिए 155बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू की गई। एक दिन के प्रयास के बाद शव की पहचान मनोज उर्फ बाबू के रूप में हुई। पहचान उसके भाई जितेंद्र पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी मकान नंबर बी-159, गौतम कॉलोनी, नरेला द्वारा की गई थी। उसने बताया कि मनोज दो फरवरी की सुबह से लापता था। किसी पर कोई आरोप परिजनों द्वारा नहीं लगाया गया था। पांच फरवरी को शव का पोस्टमार्टम किया गया जिसमें डॉक्टर ने बताया कि मृतक को कई आंतरिक चोटों के साथ-साथ निजी अंगों पर भी चोटें थी। आगे तफ्तीश में पता चला कि मनोज उर्फ बाबू और दिनेश निवासी गौतम कॉलोनी, नरेला के साथ मिलकर शादी समारोहों में खाना बनाने का काम करता था। दिनेश ने पुलिस को जानकारी दी कि एक फरवरी को दोनों सुल्तानपुर डबास में एक शादी समारोह में गए थे। काम खत्म करने के बाद उन्होंने कुछ बचा हुआ खाना घर ले जाने के लिये पैक किया था। वह खाना लेकर बाहर निकले और एक आरटीवी बस में चढ़ गए। उसमें ड्राइवर सहित तीन लोग पहले से मौजूद थे। जब वे बवाना चौक पहुंचने वाले थे तो मनोज से खाना बिखर गया। इससे बस की सीटें और फर्श गंदा हो गया था। आरटीवी ड्राइवर और उसके दोस्त भड़क गए। उन्होंने दिनेश को बवाना चौक पर उतार दिया। दिनेश ने आरटीवी चालक व उसके दोस्तों पर मनोज के साथ ज्यादती करने की आशंका जताई।

### रविवार को केस में हत्या की धारा जोड़ी गई

पुलिस ने रविवार को केस में हत्या की धारा जोड़ आगे की तफ्तीश शुरू की और आरटीवी की पहचान के लिए सीसीटीवी चैक किये गये। इसके बाद एक आरोपी सुशांत शर्मा निवासी सुल्तानपुर रोड, कराला को गिरफ्तार कर आरटीवी जब्त कर ली गई है। पकड़े गये आरोपी ने बताया कि उन्होंने मनोज को बस से उतरने नहीं दिया था। कुछ दूरी पर जाकर उन्होंने मनोज को शर्ट से सब्जी साफ करने को कहा। इसी बीच वे लोग मनोज के साथ गाली-गलौज और मारपीट भी कर रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर आशीष उर्फ आशु ने लोहे की रॉड निकालकर मनोज के प्राइवेट पार्ट में डाल दी थी। कुछ देर बाद मनोज बेहोश हो गया। ड्राइवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके शव को बवाना फ्लाईओवर के पास रखा और आरटीवी बस लेकर वहां से चले गए। बस चालक समेत दो आरोपी अभी फरार हैं। उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

# ससुर को गोली मारने वाला किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अपराध शाखा की पूर्वी रेंज द्वितीय टीम ने ससुर की हत्या के प्रयास में शामिल रहे दामाद को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी ने प्रत्येक गोली पर अपनी पत्नी, साले और ससुर का नाम लिखा था। वह अपने अपमान का बदला लेना चाहता था। इसलिये ससुर को गोली मार दी थी।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार 18 मार्च 2024 को सीलमपुर थाने में आईपीसी की धारा 307 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता दिलेराम निवासी गौतमपुरी, सीलमपुर ने आरोप लगाया था कि जब वह अपने घर जा रहा था तो किसी ने उसे पीछे से गोली मार दी। जांच के दौरान पता चला कि प्रेम पाल नामक व्यक्ति, जो शिकायतकर्ता का दामाद है ने गोली मारी थी। घटना के लगभग दो महीने बाद शिकायतकर्ता की मृत्यु हो गई थी। आरोपी प्रेमपाल घटना के बाद से फरार था। वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बच रहा था। 6 जून को अदालत ने अभियुक्त प्रेमपाल को उपरोक्त मामले में भगौड़ा घोषित कर दिया था। आरोपी का पता लगाने के लिए टीम पहले ही लुधियाना, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर चुकी थी। शनिवार को प्रेमपाल साहिबाबाद, यूपी से पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

■ गोलियों पर लिखा था पत्नी, साले और ससुर का नाम

### आरोपी की आठ साल पहले हुई थी शादी

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसकी शादी करीब 8 साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी अपने परिवार की तरफ ज्यादा झुकाव रखती थी। इसके चलते उनके बीच झगड़े होते रहते थे। करीब एक साल पहले उनके बीच हुए झगड़े के चलते उसके ससुर और साले ने उसे घर आकर मारा पीटा भी था। इसके बाद उसकी पत्नी मायके में रहने लगी थी। तभी से प्रेम पाल ने अपने अपमान का बदला लेने की ठान ली थी। आरोपी ने एक पिस्तौल और तीन कारतूस की व्यवस्था की और प्रत्येक कारतूस पर अपनी पत्नी, ससुर और साले का नाम लिख दिया था। घटना वाले दिन आरोपी अपनी पत्नी, ससुर और साले को मारने के इरादे से आया था, लेकिन उसकी पत्नी और साला घर पर मौजूद नहीं थी। इसलिए वह सिर्फ अपने ससुर को ही गोली मार पाया था। आरोपी यूपी के शाहजहांपुर का रहने वाला है। हाईस्कूल तक पढ़ा आरोपी दिहाड़ी मजदूरी करता है।

# 22 से 24 फरवरी के तक आयोजित होगा पूसा कृषि मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ मेले का मुख्य विषय 'उन्नत कृषि-विकसित भारत' है

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) द्वारा आयोजित किया जाने वाला वाला पूसा कृषि विज्ञान मेला की तिथि में बदलाव हुआ है। अब यहा कृषि विज्ञान मेला 22 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जबकि जनवरी में बताया गया था कि यह 24 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होना है। यह किसान मेला भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के मेला ग्राउंड में लगेगा। पूसा प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस मेले का मुख्य विषय 'उन्नत कृषि - विकसित भारत' है। इसमें विभिन्न कृषि कंपनियां, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थान, उद्यमी और प्रगतिशील किसान अपना स्टॉल लगाएंगे। इस मेले में प्रतिवर्ष देश के विभिन्न भागों से 1 लाख से अधिक किसान, उद्यमी, राज्यों के अधिकारीगण, छात्र एवं अन्य उपयोक्ता भाग लेते हैं।

इस मेले के प्रमुख आकर्षणों में फसलों की जीवंत प्रदर्शन, फूलों और सब्जियों की संरक्षित खेती, गमलों में खेती; ऊर्ध्वाधर (वर्टिकल) खेती; मिट्टी एवं पानी की मुफ्त जांच, कट-फ्लावर, विदेशी सब्जियों एवं उन्नत किस्म के फलों की प्रदर्शनी और विभिन्न भागीदारों द्वारा उच्च उपजशील बीजों / पौधों, कृषि प्रकाशनों की बिक्री तथा वैज्ञानिकों एवं किसानों की परस्पर चर्चा शामिल हैं। वहीं, मेला में इस अवसर पर किसानों को नवोन्मेषी एवं अध्येता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए उनसे आवेदन मांगे गए हैं।

### जल प्रौद्योगिकी केंद्र में किसानों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सुनियोजित कृषि विकास केंद्र (पीएफडीसी), जल प्रौद्योगिकी केंद्र, आईसीएआर, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) ने कृषि उन्नति योजना के तहत राष्ट्रीय सुनियोजित कृषि और बागवानी समिति (एनसीपीएएच) द्वारा प्रायोजित "सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकियों" पर आधारित किसानों के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 3-9 फरवरी, 2025 तक आयोजित किया। रविवार को समापन के मौके पर यह जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 28 लघु एवं सीमांत किसानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त निदेशक (प्रसार), आईसीएआर, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, डॉ. आर. एन. पडारिया ने किया। उन्होंने किसानों से अपनी आय बढ़ाने के लिए नई तकनीकें सीखने और उन्हें अपनी कृषि गतिविधियों में लागू करने की बात कही। बताया गया कि जलवायु परिवर्तन की स्थितियों को देखते हुए कम पानी में ज्यादा खाद्य उत्पादकता की आवश्यकता है। इसके लिए किसानों एवं वैज्ञानिकों को मिल कर संयुक्त प्रयास करने जरूरत है। प्रशिक्षित किसानों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की प्रक्रिया पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ उपराज्यपाल को सौंपे गए परिणाम

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से पूर्ण कर ली है। इस प्रक्रिया के तहत संविधान अधिसूचना और निर्वाचित प्रत्याशियों की सूची दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को सौंपी गई। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सूची भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अजय कुमार और दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर एलिस वाज़ द्वारा सौपी गई। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के सचिव बी सी पात्रा और दिल्ली के विशेष मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। इस प्रस्तुतिकरण के साथ, दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है, जो कि एक स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रतीक है।

### युवक के सीने पर गोली मारने वाला अरेस्ट

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी में युवक के सीने पर गोली मारने का मामला पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम अनिकेत (20) है। पुलिस के अनुसार 5 फरवरी को पीयूष (22) पुत्र जसप्रीत निवासी बी-ब्लॉक, जहांगीरपुरी को सीने के ठीक बीच में गोली मारी गई थी। अपने बयान में घायल पीयूष ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका सुमित से झगड़ा हुआ था। घटना के समय वह बाजार जा रहा था। जब वह हाथी वाला पार्क, सी-ब्लॉक पहुंचा तो वहां उसे सुमित, अनिकेत और रणजीत उर्फ छोटू ने जान से मारने की धमकी दी। सुमित के हाथ में पिस्तौल थी। उसने पीयूष के सीने में गोली मार दी और वे सभी वहां से भाग गए। अनिकेत पकड़ा गया है। अन्य दो साथी अभी फरार है।

### चाकू से ताबड़तोड़ वार करने वाला पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जहांगीरपुरी में एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने वाला 24 घंटों के भीतर सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। इसके पास से अपराध में प्रयुक्त एक खंजर भी बरामद हो गया है। आरोपी रिहान (18) के-ब्लॉक, जहांगीरपुरी का रहने वाला है। शुक्रवार को इस संबंध में केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार यश उर्फ रिप्पू (20) को चाकू लगने पर अस्पताल में भर्ती होने के संबंध में एक सूचना जहांगीरपुरी थाने में प्राप्त हुई थी। पीड़ित को छाती, पेट के ऊपरी हिस्से, दाहिने हाथ, दाहिने कंधे, दाहिनी जांघ, बायीं बांह और सिर पर चोट लगी थी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी रिहान उसका दोस्त था। वह एक लड़की के साथ कुछ महीनों से रिलेशनशिप में था। रिहान ने लड़की और यश को एक साथ देख लिया था। वह खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगा और इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसी के चलते यश को चाकू मारे गये।

# सभी विधायक अपनी कार्यशैली पूरी तरह पारदर्शी रखें : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नवनिर्वाचित विधायकों को दिए दिशा-निर्देश

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने रविवार को सभी 48 नवनिर्वाचित विधायकों को उचित संगठनात्मक एवं प्रशासनिक नियमों के अंतर्गत कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए और इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपनी कार्यशैली पूरी तरह पारदर्शी रखें। प्रदेश भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय मंत्री दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, सह प्रभारी अतुल गर्ग, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं संगठन महामंत्री पवन राणा ने रविवार को सभी 48 नवनिर्वाचित विधायकों के साथ छोटी बैठकें की। संसदीय क्रमवार तय बैठकों में लगभग सभी सांसदों ने भी अपने क्षेत्र के विधायकों के साथ भाग लिया।

बैठकों में नेताओं ने विधायकों का ध्यान शनिवार शाम के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजय संदेश की ओर आकृष्ट किया और कहा कि हमें बिना समय गवाएं प्रधानमंत्री के मन की विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए काम शुरू करना होगा।

### हार के बावजूद अलका लांबा के तेवर कड़े, केजरीवाल से कहा अपने विधायकों को बचा सको तो बचा लो

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता और कालका जी विधानसभा सीट से चुनाव हारी अलका लांबा के तेवर अब भी नर्म नहीं पड़े है। लांबा ने हार के दूसरे ही दिन रविवार को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को नसीहत देते हुए कहा है कि केजरीवाल अब तो अपने 22 विधायक बचा लो, पंजाब सरकार पर भी संकट आ गया है। उन्होंने एक खबरिया चैनल में कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस ने कुछ नहीं खोया उसने पाया है। जबकि सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी लूजर रही, कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है, जिसका फायदा भाजपा को मिला उसकी सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी की सरकार थी उनके संयोजक अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मंत्री सौरभ भारद्वाज, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से लेकर मंत्री नेता सब बुरी तरह हारे है। लांबा ने कहा कि अब केजरीवाल की तानाशाही, ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी क्योंकि वह सरकार में नहीं है, विधायक भी नहीं है। ]ऐसे में उनका नेतृत्व पार्टी सहित विधायकों व सांसदों पर ढीला पड़ गया है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुंदन कुमार, पुत्रः** श्री मनोज झा, **पताः** आरजेड – 519 / 407, गली नं. 15, शिवपुरी, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 195/2022, 363 IPC, थानाः सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुंदन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुंदन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 195/2022, 363 IPC, थानाः सागरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुंदन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 03
कमरा नं. 18, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1548/SW/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विष्णु प्रसाद, पुत्रः** श्री देव प्रसाद यादव, **पताः** एफ–2 / 180, मंगोलपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 103/12, U/s 279 IPC, थानाः बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विष्णु प्रसाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विष्णु प्रसाद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 103/12, U/s 279 IPC, थानाः बेगमपुर, रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विष्णु प्रसाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1516/RD/2025
(Court Matter)


## आजाद भारत में तीसरी महिला सीएम रही आतिशी भी नहीं तोड़ पाई ऐतिहासिक मिथक

# इतिहासः सत्तारूढ़ दल को फिर गंवानी पड़ी एक महिला मुख्यमंत्री के रहते दिल्ली की सत्ता

सत्यप्रकाश ▶▶ नई दिल्ली







दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों ने एक बार फिर अपना इतिहास दोहराया है। दिल्ली विधानसभा का इतिहास रहा है कि जब जब दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री के हाथ कमान रही है, उसी समय सत्तारूढ पार्टी को करारी हार का मुंह देखना पड़ा है। लेकिन इस बार ऐसा लग रहा था आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की मुखिया आतिशी इस इतिहास को बदलकर नया इतिहास लिखेंगी। लेकिन आतिशी जहां खुद तो चुनाव जीत गई, लेकिन आप पार्टी की सरकार को सत्ता से बाहर जाने से रोकने में नाकाम रही। मतलब यही कि एक बार फिर इतिहास ने खुद को दोहराया और एक महिला मुख्यमंत्री आतिशी के रहते सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनावों में बुरी तरह हार का मुंह देखना पड़ा। यह इतिहास कोई नया नहीं बल्कि आजाद भारत में 1956 में दिल्ली विधानसभा भंग करने को छोड़कर, जब जब दिल्ली विधानसभा चुनाव हुए दोहराया जाता रहा है।

### भाजपा की पहली सरकार के दौरान सीएम स्वराज से हुई शुरुवात

वर्ष 1956 में दिल्ली विधानसभा भंग करने के बाद, पुन 1993 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत से सरकार बनाने में सफल रही। भाजपा सत्ता में आई लेकिन सरकार के पांच साल पूरे करते करते भाजपा को एक दो नहीं बल्कि तीन सीएम बदलने पड़े। भाजपा द्वारा पहले ही कार्यकाल में लगातार सीएम बदलने के क्रम में सुषमा स्वराज को तीसरी मुख्यमंत्री के रूप में दिल्ली की सत्ता मिली। स्वराज के नेतृत्व में वर्ष 1998 में दिल्ली विधानसभा के चुनाव हुए और सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को बुरी तरह हार का मुंह देखना पड़ा। जिसके साथ ही महिला मुख्यमंत्री के रहते सत्तारूढ दल की हार का इतिहास लिखा गया, जो आज तक बरकरार है।

### दूसरी बार शीला दीक्षित के मुख्यमंत्री रहते कांग्रेस पार्टी हुई दिल्ली की सत्ता से बाहर

भाजपा दिल्ली की सत्ता से बाहर हुई और कांग्रेस पार्टी दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई। इस बार मुख्यमंत्री की कमान कांग्रेस ने शीला दीक्षित को सौंपी। लगातार तीन बार मुख्यमंत्री बनी शीला दीक्षित के नेतृत्व में ही 15 साल बाद वही इतिहास दोहराया गया और 2013 में सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को आम आम आदमी पार्टी ने सत्ता से बाहर कर दिया। यह दूसरा मौका था जब महिला मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के रहते किसी सत्तारूढ़ पार्टी को हार का स्वाद चखना पड़ा हो।

### तीसरी बार आतिशी के सीएम रहते आप पार्टी को गंवानी पड़ी सत्ता

भाजपा व कांग्रेस की महिला मुख्यमंत्रियों के खाते में दर्ज यह इतिहास तीसरी बार आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री आतिशी के नाम लिखा गया। इसी तरह 8 फरवरी 2025 को विधानसभा चुनावों के नतीजों में सत्तारूढ दल आप पार्टी बुरी तरह हारी और सत्ता हाथ से फिसल गई। हालांकि आतिशी खुद कालका जी सीट से चुनाव जीतने में कामयाब रही। बावजूद इसके फिर एक बार दिल्ली में आतिशी के मुख्यमंत्री रहते सत्ता दल आम आदमी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। मतलब इतिहास खुद को दोहराता आ रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि करीब 27 साल बाद सत्ता में वापसी कर रही भाजपा इस बार कैसे सरकार चलाती है। भाजपा ने अभी तक सीएम के नाम की घोषणा नहीं की है। लेकिन यह देखना भी दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा इस बार पांच साल एक ही मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे करेगी या 1993–1998 की तरह बार बार सीएम बदलेगी।

### वर्ष 1951-2025 तक पुरुष मुख्यमंत्री के रहते सत्तारूढ़ दल की नहीं हुई कभी हार

सनद रहे कि आजादी के बाद सबसे पहले दिल्ली विधानसभा का गठन 17 मार्च 1952 को पार्ट-सी राज्य सरकार अधिनियम-1951 के तहत पहली बार किया गया प्रथम विधानसभा चुनाव हुआ। इस चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनी थी जिसके मुख्यमंत्री किसान नेता चौधरी ब्रह्म प्रकाश थे। जबकि दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में गुरुमुख निहाल सिंह को सत्ता मिली। लेकिन केंद्र सरकार ने एक अक्टूबर 1956 को दिल्ली विधानसभा भंग कर दी थी। केंद्र ने लगभग 35 साल बाद 1991 में संविधान में 69वां संशोधन कर दिल्ली के लिए विधानसभा की व्यवस्था की। जबकि वर्ष 1992 में दिल्ली में सीटों का परिसीमन हुआ और अंत में 1993 में पुन दिल्ली विधानसभा चुनाव हुआ था। ऐसे में इतिहास बताता है कि किसी भी पुरुष मुख्यमंत्री के रहते दिल्ली के सत्ताधारी दल को हार का मुंह नहीं देखना पड़ा है।

केजरीवाल सरकार ने पिछले पांच साल में एक बार भी कैग की कोई रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं की

# विधानसभा में कैग की 14 रिपोर्ट्स आते ही खुल जाएगा आप सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा : विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के सदन पटल पर कैग की 14 रिपोर्ट्स आते ही आप सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा खुल जाएगा। यह बात रविवार को रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के जीते उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने कही। गुप्ता ने कहा कि अब बहुत जल्द ही आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार की पोल खुलने वाली है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही भाजपा सरकार विधानसभा के पहले सत्र में ही पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी हुई कैग की 14 रिपोर्ट्स को प्रस्तुत कर देगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा में इन रिपोर्ट्स के आते ही आम आदमी पार्टी की खत्म हो चुकी सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा सबके सामने आ जायेगा और दिल्ली की जनता को पता चल जाएगा कि केजरीवाल और आप के नेताओं ने किस तरह से झूठ बोल बोल कर दिल्ली की जनता को ठगा है और करोड़ों का भ्रष्टाचार किया है।

अपने आवास पर गुप्ता ने कहा कि यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी विधायक इन 14 सीएजी रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत कराने के लिए दर-दर भटकते रहे। उन्होंने यह मामला बार-बार विधानसभा के सत्रों में भी उठाया, लेकिन सरकार की ओर से किसी सकारात्मक प्रतिक्रिया की बजाय, विपक्षी विधायकों को सदन में सत्तारूढ़ विधायकों के हाथों अपमान झेलना पड़ा, जिसके चलते उन्हें राष्ट्रपति, उपराज्यपाल और मुख्य सचिव जैसे संवैधानिक अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप की गुहार लगानी पड़ी। सरकार का अड़ियल रवैया देखते हुए विजेंद्र गुप्ता और अन्य 6 भाजपा विधायकों की तरफ से उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुहार लगाई गई कि कोर्ट सरकार को इन रिपोर्ट्स को सदन में पेश करने का आदेश दे, लेकिन सरकार की ढिढाई का यह आलम रहा कि सब तरफ से दबाव के बावजूद आप सरकार ने आखिरी दम तक इस डर से इन रिपोर्ट्स को सदन में पेश नहीं किया कि कहीं उनके भ्रष्टाचार की कलई ना खुल जाए।

■ आप सरकार ने पिछले दस साल में झूठ और भ्रष्टाचार से जनता को छलने का काम किया है

## अब आप का कुशासन हो गया खत्म

गुप्ता ने कहा कि अब आप का कुशासन खत्म हो गया है और सत्ता परिवर्तन होकर भाजपा सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिल्ली की जनता को आश्वस्त किया है कि विधानसभा के पहले सत्र में ही कैग की लंबित सभी 14 रिपोर्ट्स को सदन पटल पर रख दिया जाएगा। बकौल गुप्ता, दिल्ली की जनता को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा, क्योंकि चंद दिनों में ही आम आदमी पार्टी की सरकार और नेताओं के भ्रष्टाचार के कारनामों का काला चिट्ठा और झूठ की कहानियां उजागर हो जाएंगी। 2017 से अपने भ्रष्टाचार को छिपाने की कोशिश में एक भी रिपोर्ट सदन में पेश ना करने वाले आप के नेता विधानसभा में अपने भ्रष्टाचार की पोल खुलते ही भागते नजर आएंगे।

## जनता से आग्रह जब सीएजी रिपोर्ट सदन में रखी जाए तो ध्यान से पढ़े

उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि जनता से मेरा आग्रह है कि जब कैग रिपोर्ट सदन में रखी जाए, तो ध्यान से पढ़िएगा, सुनिएगा और देखिएगा कि कैसे इन लोगों ने 10 साल तक छल किया। इन्हें माफ मत कीजिएगा, ये भ्रष्टाचारी भागते नजर आएंगे। उन्होंने एक बार फिर से लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि दिल्ली वालों के अच्छे दिन अब शुरू हो गए हैं और बहुत जल्द ही वे सरकार को भाजपा के संकल्प पत्र में किये गए वादों को पूरा होता हुआ देख सकेंगे।

# आप सुनिश्चित करेगी भाजपा 8 मार्च तक महिलाओं के खाते में डाले सम्मान राशि : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ केजरीवाल ने नवनिर्वाचित विधायकों के साथ की बैठक, विधायकों को मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के साथ जनसेवा में जुटने के दिए निर्देश

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अपने नवनिर्वाचित सभी विधायकों के साथ बैठक कर बदले राजनीतिक परिदृश्य को लेकर अहम चर्चा की। बैठक में सभी जीते 22 विधायक मौजूद रहे। बैठक की जानकारी साझा करते हुए वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि पार्टी के सभी विधायकों को एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के साथ-साथ उन्हें अपने क्षेत्र की जनता की सेवा में जुटने का निर्देश दिया गया है। आम आदमी पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा अपने वादे के अनुसार पहली कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देने की स्कीम पास कर 8 मार्च तक उनके खाते में डाले। हम भाजपा की जवाबदेही भी तय करेंगे कि दिल्लीवालों को 300 यूनिट बिजली, सभी सुविधाओं के साथ अच्छे सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लिनिकों और अस्पतालों में सबका सारा इलाज मुफ्त जारी रहेगा।

आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ अहम बैठक की। जिसमें सभी विधायकों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि उनके विधानसभा क्षेत्र में जनता के जो भी काम हैं, वो आप विधायकों को करने हैं। लोगों ने आम आदमी पार्टी के 22 विधायकों पर भरोसा जताते हुए उन्हें जीताकर भेजा है। अब हमारी जिम्मेदारी उन लोगों की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। आतिशी ने कहा कि दूसरी बात विपक्ष की भूमिका निभाना हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा जीतकर आई है और वह सरकार बना रही है। उसकी जवाबदेही तय करवाना आम आदमी पार्टी के विधायकों का काम है। भाजपा ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट की बैठक में 2500 रुपए की स्कीम पास की जाएगी और 8 मार्च तक दिल्ली की सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपए आ जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### एलजी ने की दिल्ली विधानसभा भंग आतिशी ने सौंपा इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के आए नतीजों में भाजपा की बहुमत से जीत के बाद, दूसरे दिन रविवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने राजनिवास जाकर एलजी सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। दिल्ली विधानसभा भंग करने के बाद अब दिल्ली सरकार की सभी विधाई शक्तियां एलजी सक्सेना के हाथ आ गई है। इससे पहले शनिवार को भाजपा की जीत व आप पार्टी की हार के बाद एलजी सक्सेना ने निर्देश जारी करते हुए दिल्ली सचिवालय व सभी कैंप कार्यालयों को सील करने के आदेश दिए थे। भाजपा की तरफ से अभी तक अपने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं की है। विधानसभा चुनावों में आप पार्टी 70 में से ममहज 22 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। इस करारी हार में पूर्व सीएम व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन व सौरभ भारद्वाज सहित अन्य दिग्गज शामिल है।

### प्रधानमंत्री मोदी के विजन ने हमारी सफलता को बनाया संभव : प्रवेश



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के लिए जो विजन है, उसी ने हमारी सफलता को संभव बनाया। यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि मेरे क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद, प्रवेश वर्मा ने अपने क्षेत्र के निवासियों के साथ अपनी सफलता का जश्न मनाने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने जीत के बाद अपने क्षेत्र के लोगों को अपने हाथों से लड्डू खिलाए और सभी का आभार व्यक्त किया। प्रवेश वर्मा ने कहा कि हर वोट और हर समर्थन ने इस ऐतिहासिक लड़ाई को जीतने में योगदान दिया है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही कारण है कि मैंने हर एक व्यक्ति को लड्डू खिलाकर उनकी मेहनत और समर्थन का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विधानसभा चुनाव में हराया और इस जीत को क्षेत्रवासियों के प्रति अपनी वचनबद्धता और संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ एक राजनीतिक सफलता नहीं है, बल्कि क्षेत्र के हर नागरिक के विश्वास और संघर्ष की जीत है।


### सत्ता का इतना भी लालच नहीं होना चाहिए कि इंसान इंसानियत ही भूल जाए : स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी द्वारा अपने रोड शो में डांस करने के मामले पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि सत्ता का इतना ही भी लालच नहीं होना चाहिए कि इंसान इंसानियत ही भूल जाए। स्वाति ने कहा कि मेरे हिसाब आतिशी मार्लेना को शर्म आनी चाहिए। पूरी की पूरी पार्टी बुरी तरह से हार गई है। सिर्फ 22 सीटें आई हैं और अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत सारे दिग्गज नेता चुनाव हार चुके हैं। ऐसे में आतिशी ने न सिर्फ इस हार के बाद एक रोड शो निकाला, सेलिब्रेट करने के लिए उन्होंने उस रोड शो में डांस भी किया। यह विजुअल काफी हैरान करने वाले है। आतिशी क्या सेलिब्रेट करना चाह रही है पूरी की पूरी पार्टी की इतनी बुरी हार को सेलिब्रेट करना चाह रही हैं। आतिशी को शर्म आनी चाहिए और सत्ता का इतना भी लालच नहीं होना चाहिए इंसान इंसानियत ही भूल जाए।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उपराज्यपाल से मांगा मिलने के लिए समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम आने के बाद दिल्ली में सरकार बनाने के लिए भाजपा में हलचल तेज हो गई है। इसे लेकर रविवार को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मिलने का समय मांगा है। सचदेवा ने उपराज्यपाल सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली के 48 नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों और सात लोकसभा सांसदों के साथ बैठक के लिए समय मांगा। उन्होंने उपराज्यपाल को पत्र में लिखा है कि मैं दिल्ली के भाजपा सांसदों और हमारे नवनिर्वाचित 48 विधायकों के साथ आपसे शीघ्र मिलना चाहता हूं। कृपया अपनी सुविधा के अनुसार शीघ्र मुलाकात की अनुमति दें। बता दें कि विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हराकर भाजपा 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी है। 5 फरवरी को हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी 70 विधानसभा सीटों में से 22 सीटें जीतने में कामयाब रही, जबकि कांग्रेस जीरो पर ही सिमट कर रह गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद सरकार का गठन होने की संभावना है।

### नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का हुआ समापन



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2025 का रविवार को समापन हो गया। यह मेला एक फरवरी 2025 से शुरू हुआ था। इसके समापन पर नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी-इंडिया) के निदेशक युवराज मलिक ने कहा कि इस मेले ने पुस्तक पढ़ने की संस्कृति और साहित्यिक विमर्श में नए आयाम जोड़े हैं। यह मेला देश भर में बहुत सारे उत्सव के अनुभव प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिससे लेखकों को खुद को व्यक्त करने का मौका मिलता है। बच्चों की भागीदारी बहुत उत्साहजनक रही। पुस्तक मेले ने सभी आयामों को बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि भारत के विभिन्न हिस्सों से उत्सवों के लिए एक मंच प्रदान किया और वास्तव में रिपब्लिक/75 थीम को मूर्त रूप दिया। पुस्तक मेले के दौरान 20 से अधिक बच्चों की किताबें जारी कीं। इस संग्रह में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के तहत विकसित की गई किताबें जैसे रूसी-हिंदी और रूसी-अंग्रेजी द्विभाषी किताबें, 'मोत्तैनाई' श्रृंखला में नई किताबें (रूसी में) शामिल थीं। बताया गया कि रविवार दोपहर भारत मंडपम के हॉल में हर वर्ग के लोग अपनी पसंदीदा किताबों की तलाश में या अपने प्रिय लेखकों से मिलने के लिए खड़े थे। आकर्षक कहानियों के प्रसिद्ध रचनाकार, लेखिका और सांसद सुधा मूर्ति, विनीत बाजपेयी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक पुस्तक हस्ताक्षर सत्र के दौरान पाठकों से जुड़े।



## खबर संक्षेप

### बसपा ने बिहार विस अकेले लड़ने की घोषणा की



**पटना।** दिल्ली चुनाव परिणाम का सेंसेशन अभी समाप्त भी नहीं हुआ था कि बहुजन समाज पार्टी ने अपने एक निर्णय से बिहार की राजनीति में सरगर्मी बढ़ा दी है। मायावती के निर्देश पर बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश इकाई ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। पार्टी के रणनीतिकारों ने आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में अकेले जाने की घोषणा की है।

### विजय सिन्हा ने महाकुंभ में लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** महाकुंभ में एक सौ चौवालीस साल बाद बनने वाले महायोग में देश के साथ साथ विदेशों से भी श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने भी प्रयागराज जाकर संगम में पूरे परिवार के साथ पवित्र स्नान किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम आदित्यनाथ योगी की जमकर तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया पर स्नान की तस्वीरें शेयर किया।

### गीता पर हाथ रखवा कर कराई सुलह, रहेंगे साथ



**आगरा।** यूपी के आगरा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पति-पत्नी के बीच शक इस कदर बढ़ गया कि मामला परिवार परामर्श केंद्र तक जा पहुंचा। दोनों ने एक-दूसरे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप लगाए। हालांकि एडीसीपी प्रोटोकॉल पूनम सिरोही के प्रयास से रिश्ता टूटने से बच गया। आखिर में पति-पत्नी ने गीता पर हाथ रखकर कसम खाई और दोनों एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

## 8 लाख करोड़ का हो सकता है प्रदेश का बजट

# 18 फरवरी से प्रारंभ होगा यूपी का बजट सत्र, अधिसूचना जारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



यूपी का बजट सत्र 18 फरवरी से प्रारंभ होगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश का बजट 19 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इस बार प्रदेश का बजट आठ लाख करोड़ का हो सकता है। जो कि अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। यह सत्र करीब एक सप्ताह चलेगा जिसमें सत्ता पक्ष जहां अपनी उपलब्धियों को सामने रखेगा, वहीं विपक्ष महाकुंभ हादसे के अलावा किसानों, महिलाओं और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश करेगा। सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## परीक्षा के लिए बोर्ड ने की तैयारियां पूरी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की सिपाही भर्ती के लिए होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होगी। कई चरणों में होने वाली इस परीक्षा के लिए बोर्ड ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण की परीक्षा के लिए तीन फरवरी से वेबसाइट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड होने लगे थे। दूसरे चरण की परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 10 फरवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्ण ने बताया कि प्रवेश पत्र वेबसाइट से बिना किसी व्यवधान के डाउनलोड हो रहे हैं। अगर किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आती है तो हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क कर सकता है।

# यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए आज से होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

## अगस्त 2024 में 10 पालियों में कराई गई थी परीक्षा



पीएसटी डीवी में सफल होने वालों को ही फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। फिजिकल टेस्ट सफल होने के लिए पुरुष उम्मीदवारों को 25 मिनट में 4.8 किमी की दौड़ पूरी करनी होगी वहीं महिला उम्मीदवारों को 14 मिनट में 2.4 किमी की दौड़ पूरी करना अनिवार्य होगा। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में करीब 48 लाख पंजीकृत थे जिसमें से लगभग 32 लाख ने एग्जाम दिया। यूपी पुलिस कांस्टेबल री-एग्जाम का आयोजन 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त 2024 को कुल 10 पालियों में कराया गया था।

### रेडियो संवर्ग भर्ती की मार्च में शारीरिक दक्षता परीक्षा

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में सहायक परिचालक व कर्मशाला कर्मचारी के पदों पर सीधी भर्ती के तहत अभिलेखों व शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा मार्च के पहले अथवा दूसरे सप्ताह में कराई जा सकती है। पुलिस भर्ती बोर्ड ने यह जानकारी अपनी वेबसाइट पर दी है।

## उत्तराखंड में अपनी भतीजी की शादी में शामिल हुए यूपी के सीएम

# योगी आदित्यनाथ ने पैतृक गांव के विकास कार्यों का भी जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों उत्तराखंड के दौरे पर हैं। वह अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे, जहां वह अपनी भतीजी की शादी में शामिल हुए।

सीएम योगी आदित्यनाथ को करीब से जानने वाले लोग यह भली-भांति जानते हैं कि उन्हें छोटे बच्चों से विशेष लगाव है। उन्हें अक्सर सार्वजनिक आयोजनों और यात्राओं के दौरान बच्चों को गोद में उठाते, उनसे बातें करते और स्नेह लुटाते देखा जाता है। ऐसा ही एक नजारा उनके पैतृक गांव पंचूर में भी देखने को मिला, जब वह अपनी रिश्तेदार की पोती के साथ खेलते नजर आए।

### बच्चों को दुलारते नजर आए सीएम



वीडियो में दिख रहा है कि सीएम योगी एक नन्ही बच्ची को प्यार से पानी पिला रहे हैं। बच्ची भी बड़े उत्साह से सीएम योगी को देख रही है और उनकी बातों का जवाब दे रही है। वीडियो में एक छोटा लड़का भी मौजूद है, जिससे योगी पूछते हैं कि श्क्या ये छोटी है? बच्ची जब पानी पीती है, तो योगी उसे प्यार से कहते हैं कि अब बंद कर दो, पानी की बोतल बंद कर दो, जब बच्ची से बोतल बंद नहीं होती, तो योगी उसकी मदद भी करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव पहुंचे। इस विवाह समारोह में उत्तराखंड के कई बड़े नेता भी उपस्थित रहे। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कई अन्य गणमान्य लोग इस अवसर पर पहुंचे।

### सीएम योगी ने की दोस्तों से मुलाकात

*पंचूर गांव में सीएम योगी का भव्य स्वागत किया गया। गांव के लोगों ने अपने प्रिय नेता को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान अपने गांव के पुराने दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मुलाकात की, जिससे माहौल बेहद आत्मीय हो गया।*

### सीएम धामी भी आयोजन में शामिल

राज्यपाल गुरमीत सिंह भी समारोह में पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस पारिवारिक आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मौजूद रहे। अपनी यात्रा के दौरान सीएम योगी ने न सिर्फ पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया बल्कि अपने पैतृक गांव के विकास कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां स्थित स्कूलों का निरीक्षण किया और छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्कूलों की व्यवस्थाओं को परखा और शिक्षकों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## नरकटियागंज में रेल मंत्री का हुआ स्वागत

# वाल्मीकिनगर विधायक ने मांगों को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन



एजेंसी ▶▶ बेतिया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार बेतिया पहुंचे। इस दौरान रेल मंत्री कई योजनाओं का उद्घाटन किया। इससे पहले वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन पर रेलमंत्री का केंद्रीय कोयला मंत्री, विधायक और अन्य नेताओं ने स्वागत किया।

### स्टेशन पर उतर कर देखी व्यवस्था

नरकटियागंज-गोरखपुर रेलखंड पर वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन पर रेलमंत्री का एनडीए कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। केंद्रीय कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे के साथ वाल्मीकिनगर विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह और एनडीए कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### पर्यटन की दृष्टि से वाल्मीकिनगर स्टेशन महत्वपूर्ण

मंत्री का सैलून पहुंचने से पहले पूरा स्टेशन नेताओं और कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ दिखा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में पूजा जोश दिखा। जैसे ही रेलमंत्री का सैलून दिखा कि जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारा से गुंजायमान हो गया। इस बीच रेल मंत्री सैलून से उतर कर स्टेशन और आसपास नजर दौड़ाई और कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। पर्यटन की दृष्टि से वाल्मीकिनगर स्टेशन महत्वपूर्ण, प्रमुख ट्रेनों का ठहराव जरूरी बगहा में बिहार और यूपी की सीमा पर स्थित वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। यहां पर प्रमुख ट्रेनें नहीं रुकती हैं। जिससे यात्रियों को अन्य साधन से वाल्मीकिनगर पहुंचने की मजबूरी है। रविवार को बेतिया जाते समय वाल्मीकिनगर रेलवे रोड स्टेशन पर रुके रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को वाल्मीकिनगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने ग्रामीणों की मांग पर एक ज्ञापन सौंपा।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री मोदी ...

संबंधित चिंता से निपटने के लिए अभिनव तरीकों पर रोशनी डाली जाती है, जिससे सीखने और जीवन के प्रति एक उत्सवपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाने के लिए बढ़ावा मिलता है। इस वर्ष इसका आठवां संस्करण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों को परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम का दूरदर्शन सहित कई अन्य प्लेटफॉर्म पर लाइव प्रसारण होगा। पीएम मोदी के साथ पहली बातचीत सीधे दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल, शिक्षा मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया चैनलों पर प्रसारित की जाएगी। पीएम मोदी के अलावा, आध्यात्मिक नेता सद्गुरु, बॉलीवुड अभिनेता दीपिका पादुकोण और विक्रांत मैसी, ओलंपियन मैरी कॉम और पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखारा पीपीसी 2025 कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रभावशाली लोगों में शामिल होंगे।

### प्रत्येक राज्य से चुने ...

किया गया है। परीक्षा पे चर्चा 2025 में सात ज्ञानवर्धक एपिसोड होंगे, जो छात्रों को जीवन और सीखने के आवश्यक पहलुओं पर मार्गदर्शन देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियों को एक साथ लाएंगे।

### प्रत्येक एपिसोड प्रमु....

- रचनात्मकता और सकारात्मकता - विक्रांत मैसी और भूमि पेडनेकर छात्रों को सकारात्मकता विकसित करने और नकारात्मक विचारों को प्रबंधित करने के लिए प्रेरित करेंगे।
- एकाग्रता और मानसिक शांति - सद्गुरु मानसिक स्पष्टता और ध्यान के लिए व्यावहारिक माइंडफुलनेस तकनीकों से परिचित कराएंगे।
- सफलता की कहानियां - यूपीएससी, आईआईटी-जेईई, सीएलएटी, सीबीएसई, एनडीए, आईसीएसई और पिछले पीपीसी प्रतिभागियों के टॉपर्स बताएंगे कि कैसे पीपीसी ने उनकी तैयारी और मानसिकता को आकार दिया।

### दिल्ली में मुख्यमंत्री ...

नरेन्द्र मोदी के सामने अंतिम निर्णय के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की सहमति के बाद ही दिल्ली के मुख्यमंत्री और छह मंत्रियों के नाम पर मुहर लगेगी।

### मुख्यमंत्री पद के ...

समर्थन देते 20 से ज्यादा सीटों पर जीत दिलाई है। देहात का इलाका पूर्व मुख्यमंत्री और प्रवेश वर्मा के पिता डॉ साहिब सिंह वर्मा की राजनैतिक कर्मभूमि रहा है। प्रवेश उसी विरासत को संभाल रहे हैं। दिल्ली देहात में भाजपा को साहिब सिंह ने ही पहली बार खड़ा किया था। इससे पहले दिल्ली के गांवों में भाजपा का कोई खास प्रभाव नहीं था। भाजपा को दिल्ली में 48 सीटें मिली हैं और इनमें से करीब आधी सीटों पर दिल्ली देहात ने कमल खिलाया है। दो बार सांसद रहे और दूसरी बार विधायक बने प्रवेश की दिल्ली की राजनीति में गहरी पैठ है। ये इसी से साबित हो जाता है कि जिस केजरीवाल को अजेय समझा जाता था उसे प्रवेश वर्मा ने ही धूल चटाई है। केजरीवाल को हराकर प्रवेश वर्मा आज दिल्ली भाजपा के सबसे कद्दावर नेता बन गये हैं। युवा और जुझारू होने के अलावा व्यापक राजनैतिक अनुभव, दिल्ली का मूल निवासी होना तथा सभी वर्गों में लोकप्रियता के बल पर प्रवेश वर्मा दूसरे नेताओं के मुकाबले मुख्यमंत्री पद के तगड़े दावेदार माने जा रहे हैं।

### पूर्वांचली फैक्टर...

जा रहा है कि इस साल बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी दिल्ली में किसी पूर्वांचली विधायक को भी सीएम की कुर्सी सौंप सकती है। पार्टी मुख्यालय में शनिवार को पीएम मोदी ने पूर्वांचल के लोगों का विशेष तौर पर आभार जताया था। इसके बाद से ही मुख्यमंत्री पद को लेकर पूर्वांचल फैक्टर चर्चा में है। मालवीय नगर सीट पर विजयी रहे दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और मप्र भाजपा के सहप्रभारी सतीश उपाध्याय ऐसे में प्रबल दावेदार होंगे।

### आतिशी के बाद ...

दावेदार होंगी। उनके अलावा शालीमार बाग सीट से विजयी हुई रेखा गुप्ता और वजीर पुर से विधायक बनी पूनम शर्मा का नाम भी अचंभित कर सकता है।

### मंत्री बनने की...

माना जा रहा है। अगर किसी महिला को सीएम नहीं बनाया जाता है तो रेखा गुप्ता, शिखा राय और पूनम शर्मा में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

### दनादन गोलीबारी ...

सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर निकला था। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी जब्त किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, बीजीएल लांचर हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जवानों को नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इसके बाद 600 से ज्यादा जवानों ने ऑपरेशन को लांच किया था। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर जवानों ने नक्सलियों का एनकाउंटर किया है वह जगह नक्सलियों की सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता था। जवानों ने नक्सलियों के मांद में घुसकर हमला बोला है।

अभी भी मौके पर हो रही है रुक-रुक कर फायरिंगः पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों ने भी जान गंवाई है। जिनमें से एक राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड से तथा दूसरा विशेष कार्य बल से था। उन्होंने कहा कि दो अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और उन्हें उपचार के लिए बेहतर चिकित्सा प्रतिष्ठान में ले जाया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेज दिया गया है तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान अब भी जारी है। एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है। अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है।

**सीएम साय बोले-जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगाः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा।

### मणिपुर के सीएम ...

बात रही है। मैं केंद्र सरकार अत्यंत आभारी हूं, जिन्होंने समय पर कार्यवाही, हस्तक्षेप, विकास कार्य और विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया, ताकि मणिपुर के हर एक नागरिक के हित की रक्षा की जा सके। राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ। राज्य में लगातार हो रही हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह भारी दबाव में थे और उनको पद से हटाने की मांग जोर पकड़ रही थी। एनडीए की सहयोगी एनपीपी ने भी मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था और नेतृत्व परिवर्तन करने की मांग की थी।

### महिला संगीत में...

उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी स्टेज पर ही गिरकर मौत हो गई। शादी में मौजूद डॉक्टरों (रिश्तेदार) ने उसको सीआरपी देने की कोशिश की लेकिन फिर भी कोई हलचल नहीं हुई। तत्काल उन्हे विदिशा के प्राइवेट अस्पताल ले गए,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।परिणीता की मौत के बाद रात के समय साधारण तरह से फेरे हुए। रविवार को होने वाले सारे कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया। विदिशा में सारे रिश्तेदार होने के कारण उसका यहीं पर अंतिम संस्कार किया गया।

### अब दिल्ली भी मजबूती ...

रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि अब दिल्ली भी मजबूती से विकसित भारत के साथ कदमताल करेगी और चुनाव में भाजपा की इस बड़ी जीत के लिए मैं दिल्ली के लोगों को शुभकामनाएं देता हूँ। दिल्ली चुनाव में लगे सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं को भी उन्होंने बधाई दी और कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एक कुशल संगठनकर्ता की तरह काम किया है। उन्होंने पार्टी की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की जनता ने झूठ बोलकर लोगों को बहकाने वाले नेता से छुटकारा पाया है। अरविंद केजरीवाल ने लोगों से झूठे वायदे कर विकास के सब्जबाग दिखाएं लेकिन उन्होंने जनता के लिए कोई काम नहीं किया। यमुना नदी को 2025 तक स्वच्छ करने के बार-बार सपने दिखाएं और जब वे इसे पूरा नहीं कर पाएं तो हरियाणा पर नदी में जहर मिलाने तक के झूठे आरोप लगाने लगे। दिल्ली की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर उनके झूठे वायदों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अब पंजाब की जनता भी आप-दा पार्टी को इसी तरह सत्ता से बाहर करेगी।

**चुनाव में दिल्ली के लोगों से किया था जलेबी बांटने का वायदाः** दिल्ली में भाजपा की जीत पर खुशी मनाते हुए सैनी ने इस अवसर पर मौजूद नेताओं, अधिकारियों और पत्रकारों को जलेबी खिलाई। उन्होंने कहा कि जब मैं चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली आया था तो उस समय मैंने एक दुकान पर रूक कर लोगों के साथ जलेबियां खाई थी। इस दौरान मैंने लोगों से कहा था कि हरियाणा व महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनेगी और खूब जलेबियां बटेंगी। दिल्ली की जनता ने भाजपा को दिल खोलकर अपना जनादेश दिया है। इसलिए आज मैं खुद अलग-अलग तरीके की जलेबियां दिल्ली की जनता को खिलाने आया हूँ। उन्होंने कहा कि आज यहां गोहाना की मशहूर जलेबियां भी है और छोटी जलेबी व इमरती भी है।

**कांग्रेस दिल्ली में तीसरी बार जीरो पर आउट हुई, इंडी गठबंधन की दुकान बंदः** सैनी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी की झूठ को जहां सत्ता से बाहर करने का काम किया है वहीं कांग्रेस पार्टी तीसरी बार जीरो पर आउट हुई है। यह कांग्रेस की हैट्रिक है। इंडी गठबंधन का भी अब कोई भविष्य नहीं है और दिल्ली चुनाव के साथ ही उनकी दुकान भी बंद हो गई है।

**कुंभ में मोदी व योगी का प्रबंधन रहा बेहतरीन, विपक्ष को सिर्फ कमियां दिखाई देती हैः** मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि वह खुद कुंभ मेले में स्नान करके आए है और वहां की व्यवस्था देखकर दंग रह गए। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन में इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। कुछ लोगों की सोच कमियां ढूंढकर राजनीति करने की होती है, कोई कमी नजर भी आए तो वे सरकार को बताएं ताकि उसे दूर किया जा सके। स्थानीय निकाय चुनावों में भी भाजपा अपना परचम लहराएगीः सैनी ने कहा कि भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है, चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा। प्रत्येक कार्यकर्ता उसे गंभीरता से लड़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए है और इन चुनावों में भी भाजपा अपना परचम लहराएगी।

### कर्तव्य पथ व इंडिया गेट ...

कई योजनाओं पर तीव्र गति से काम होगा। इसके लिए मेट्रो सेवाओं में बढ़ोतरी होगी और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने सहित कई योजनाओं पर तेजी से काम किया जाएगा।

### स्वच्छता के लिए ...

रखा जाएगा। खट्टर भोपाल में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी स्वच्छता में रैंकिंग की बात आती है तो इंदौर पहले नंबर पर आता है। 6-7 सालों से लगातार पहले नंबर पर आ रहा है। कुछ लोगों की शिकायत है कि अगर बार-बार फर्स्ट एक ही शहर को आना है, तो हम प्रतियोगिता में हिस्सा ही क्यों लें?

### तीन शहरों में जो ...

नए शहर जो प्रयास कर रहे हैं, उनमें से फर्स्ट, सेकंड व थर्ड आ सकेंगे।

### केजरीवाल का 'जहर...

को महंगा पड़ गया। अगर वे यह बयान न देते तो संभव है 5-7 सीटें ज्यादा जीत जाते।

### पीएम मोदी...

में ही आगे बढ़ते हुए उन्हें रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा दिखे तो उनकी तरफ मुड़ते हुए पीएम ने हाथ मिलाया और कहा कि 'अरे, जूनियर हुड्डा यहां खड़े हैं। कल काफी याद किया था।' इस रिसेप्शन में गृहमंत्री अमित शाह भी पहुंचे थे।

### सियासत की नई चर्चाएं

वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश की राजनीति में सियासत की नई चर्चाएं जोर पकड़ गई हैं। हालांकि इस प्रकार का यह पहला वीडियो नहीं है। पहले भी वीडियो आते रहे हैं लेकिन इन चर्चाओं का कोई परिणाम नहीं निकला। बता दें कि प्रदेश में अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में लड़ा था। तब यहां कांग्रेस की लहर थी, लेकिन चुनाव परिणाम कांग्रेस की उम्मीदों के एकदम विपरीत गए।

### नए समीकरणों की चर्चा

अब पीएम के साथ पिता-पुत्र का वीडियो वायरल होने के बाद फिर राजनीति में नए समीकरणों की बातें सामने आने लगी हैं। हालांकि यह जिक्र वीडियो वायरल होने के आधार पर ही किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात इस वीडियो में यह रही कि पीएम दीपेन्द्र हुड्डा को यह कहते हैं कि 'कल ही आपको याद किया था।' इस पर दीपेन्द्र ने भी अपनी सहमति जताते हुए कहते हैं 'हां जी सर किया तो था याद। मैं भी देख रहा था।' इसके बाद पीएम मोदी आगे बढ़ जाते हैं।

## अवधेश प्रसाद का छलका दर्द, बोले-

# मिल्कीपुर में लोकतंत्र की हत्या हुई, चुनाव आयोग दिखा बेबस

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी में अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। भाजपा के चंद्रभानु पासवान ने सपा के अजीत प्रसाद को मात देकर मिल्कीपुर का ताज अपने नाम किया। सपा की हार के बाद फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में मतदान में गड़बड़ की गई है। सपा सांसद ने कहा कि यदि मिल्कीपुर में स्वतंत्र रूप से मतदान होता तो यहां इतिहास बन जाता। भाजपा के जनादेश को चश्मे से देखना पड़ता है। सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद लाखों वोटों से जीतते। लेकिन मिल्कीपुर में वोटों की जो चोरी हुई, वह लोकतंत्र की हत्या है। इसके बाद भी चुनाव आयोग बेबस दिखा। मैंने अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन में ऐसा पहली बार देखा है। मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की मतगणना के पहले रुझान में कमल खिलने लगा तो सपाइयों के चेहरे मुरझाने लगे थे। इस सीट पर भाजपा के चंद्रभानु पासवान ने सपा के अजीत प्रसाद के लंबे अंतराल से हराया। वहीं भाजपा जितने अंतर से लोकसभा सीट हारी थी, उससे अधिक अंतर से उपचुनाव जीतकर अपना संकल्प पूरा किया।

### 3 नोटिस देने के बाद यूपी की एक मस्जिद पर सीएम योगी का चला बुलडोजर

**कुशीनगर।** योगी सरकार ने मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की है। सीएम योगी के आदेश के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। जिले के हाटा नगर में स्थित मदनी मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर बना था। मदनी मस्जिद बिना नक्शा पास कर बनाई गई थी। इसलिए इस मस्जिद पर एक्शन लिया गया है। मदनी मस्जिद को लेकर पिछले साल 18 दिसंबर को जांच शुरू हुई थी। तीन नोटिस दिए जाने के बाद भी मस्जिद पक्षकारों ने कोई जवाब नहीं दिया था।



# 'सनम तेरी कसम' ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में री-रिलीज के दौरान अच्छा प्रदर्शन भी कर रही हैं। इस साल 'सनम तेरी कसम' पर दर्शक टूट पड़े हैं। मूल रूप से साल 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तब टोटल कमाई जितनी की थी, उतनी री-रिलीज के दौरान सिर्फ दो दिनों में कर डाली है। सनम तेरी कसम को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में एक बार फिर रिलीज किया गया। पहले दिन इसने करीब चार करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन इसने करीब पांच करोड़ रुपए का कारोबार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक दो दिनों में फिल्म की कमाई करीब 9.50 करोड़ रुपए रही है। यह इसके ऑरिजनल लाइफटाइम कलेक्शन से ज्यादा है।

लाइफ Style

# प्राजक्ता

## माता-पिता को तोड़नी पड़ी थी उनकी गुल्लक

अभिनेत्री और यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने अपने बचपन की एक इमोशनल याद साझा की है। उन्होंने बताया कि एक बार उनके माता-पिता ने उनकी गुल्लक तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पैसों की कमी के कारण माता पिता ने उनकी गुल्लक फोड़ी थी। हालांकि, उस दौरान वे छोटी बच्ची थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्राजक्ता ने कहा, मुझे याद है जब मैं 12 साल की थी, मैं अपने स्कूल या ट्यूशन से घर आई और मम्मी पापा ने मुझे प्यार से बैठाया। मुझे याद है उन्होंने कहा, 'आबू, हम इस महीने थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए हमें आपका गुल्लक तोड़ना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है'। उन्होंने कहा, 'कोई बात नहीं, हम आपके लिए एक नया गुल्लक लाएंगे।' प्राजक्ता के पिता मनोज कोली ने कहा, 'हां...उस समय मैं एक मल्टी-लेवल मार्केटिंग कंपनी में काम कर रहा था। उस समय भारत में एक नया चलन था। उस समय, 1999-2000 में, मैंने उस कंपनी में बहुत सारा पैसा लगाया, लगभग 11 लाख, मेरी सारी बचत और कंपनी दिवालिया हो गई। उसके बाद मैं खाली हो गया...उस समय मैंने टैक्सी चलाई, कुछ भी काम नहीं कर रहा था, मेरे पास घर के महीने भर के खर्च के लिए पैसे नहीं थे। मैंने रिश्तेदारों और दोस्तों से मदद लेने की पूरी कोशिश की, लेकिन नहीं मिली। मेरा आखिरी विकल्प अपना गुल्लक तोड़ना था और उस पैसे से हमें उस महीने के खर्च में मदद मिली। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि हम प्राजक्ता के सहयोग से अपने परिवार को चलाने में मदद की शुरुआत तब से हुई।'



हॉलीवुड मसाला



# 'जुरासिक वर्ल्ड...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी धमाकेदार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि डायनासोर का धरती पर अंत होने वाला है। अब इंसानी जीवन को बचाने के लिए जिंदा डायनासोर के डीएनए की जरूरत है। इसे निकालने के लिए स्कारलेट जॉनसन और टीम के पास आखिरी मौका है। यह फिल्म 2 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। साल 2022 में 'जुरासिक वर्ल्ड: डोमिनियन' में हुई घटनाओं के पांच साल बाद की कहानी 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' में दिखाई गई है।



# एड शीरन को परफॉर्म करते हुए पुलिस ने रोका

**मुंबई।** एड शीरन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस उनका माइक बंद करते हुए दिख रही है। ये वीडियो देख फैंस भड़क गए। उनका कहना है कि ये निराशानजनक है। बता दें कि एड शीरन का बेंगलुरु में लाइव कॉन्सर्ट है। इससे पहले उन्होंने स्ट्रीट पर जैमिंग की। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस वक्त भारत में हैं। 'शेप ऑफ यू' और 'परफेक्ट' जैसे गानों के लिए फेमस सिंगर के कुछ वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वो बेंगलुरु के चर्च स्ट्रीट पर अचानक एक जैमिंग सेशन में शामिल हुए। उन्होंने गान शुरू किया, पर तुरंत ही वहां पुलिस आ गई और माइक बंद कर दिया, प्रोग्राम रोक दिया। ये वीडियो देख सिंगर के फैंस भड़क रहे हैं और पुलिस के इस रवैये को गलत बता रहे हैं।



# मेहंदी लिखवाया कुछ ऐसा कि हो गया विवाद

**मुंबई।** सारा अली खान अभी सिंगल हैं। 29 साल की एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कहा है कि वह 31-31 साल तक शादी करना चाहेंगी और दो बच्चों की मां भी बनेंगी। हालांकि, अभी उसमें वक्त है। मगर उसके पहले इन्होंने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे देख हर कोई हैरान रह गया। लोगों को लगा कि एक्ट्रेस की शादी हो गई है। वह जिस तरह से सजी-धजी नजर आईं, उसमें वह एकदम नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। हालांकि, कुछ की नजर उनकी मेहंदी पर अटक गई। फोटोज में सारा अली खान के हाथों में मेहंदी भी रची हुई है। जिसे उन्होंने फ्लॉन्ट किया है। इसमें बाएं हाथ पर त्रिशूल और ओम लिखा हुआ है। वहीं, दाहिने हाथ पर 'जय भोलेनाथ' लिखा हुआ है। एक ने लिखा, 'हाथ पर भगवान की फोटो नहीं होना चाहिए। ये गलत है।



# अल्लू को नहीं पसंद बॉलीवुड शब्द...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' की कमाई को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हिंदी फैंस का भी हाथ रहा है। क्योंकि, फिल्म के तमिल वर्जन के बाद सबसे ज्यादा कमाई हिंदी वर्जन ने ही की थी। सिनेमाघरों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने के बाद अब अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' नेटफ्लिक्स पर जलवा दिखा रही है। फिल्म की तमिल वर्जन के बाद सबसे शानदार कमाई हिंदी वर्जन से ही हुई थी। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अल्लू अर्जुन को बॉलीवुड शब्द ही पसंद नहीं है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि वह उत्तर भारत की फिल्म इंडस्ट्री से नफरत करते हैं। असल में उन्होंने एक इवेंट में बताया कि उन्हें 'बॉलीवुड' शब्द नहीं पसंद, इसकी जगह वह 'हिंदी सिनेमा' कहना पसंद करते हैं।

टीवी मसाला



# कपिल शर्मा के बचाव में आए राजीव ठाकुर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन राजीव ठाकुर कपिल शर्मा के व्यवहार पर लगातार उठते सवालों पर उनके बचाव में आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं भी उनके जितना प्रसिद्ध हो गया तो शायद मैं भी चिढ़ जाऊं, वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा पर अक्सर रूड होने का आरोप लगता है। कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर के साथ विवाद भी हो चुका है। इसके बाद कपिल के पिछले कॉमेडी शो में अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री उपासना सिंह ने एक बार बताया था कि वह इतने व्यस्त हो गए थे कि उनका ठीक से अभिवादन भी नहीं कर पाए। अब कॉमेडियन राजीव ठाकुर, कपिल शर्मा के बचाव में आए हैं। राजीव ने इस बात पर जोर दिया कि कपिल किस तरह के दबाव से जूझ रहे हैं। उन्होंने कपिल और सुनील के बीच बहुत चर्चित लड़ाई के बारे में भी बात की। अब वे कपिल शर्मा के साथ फिर से द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में नजर आ रहे हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, राजीव ने कहा, 'वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। 2 से 2.5 घंटे की स्क्रिप्ट कौन याद रख सकता है? उन्होंने कभी भी कोई गलती नहीं की, एक बार भी नहीं। वह अपनी हर एंट्री में दम भर देते हैं। परफॉर्म करने के अलावा, उन्हें मेहमानों का स्वागत करना पड़ता है, उन्हें सहज महसूस कराना पड़ता है और चैनल की क्रिएटिव टीम के साथ बैठकर शो पर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'अगर शो 10-12 सालों से सफलतापूर्वक चल रहा है, तो यह उनके प्रयास और कड़ी मेहनत की वजह से है। यह अहंकार की बात नहीं है।

## सास-बहू धारावाहिकों के बजाय, इन पाक ड्रामा के दीवाने हो रहे भारतीय

**नई दिल्ली।** हर कोई आजकल कुछ नए कंटेट की तलाश में रहता है, इसलिए भारतीय अब पुरानी कहानियों पर आधारित कहानियों को छोड़ पाकिस्तानी ड्रामा की ओर रूख कर रहे हैं, जिसमें उन्हें प्यार, सस्पेंस और तहजीब युक्त कहानियां मिल रही हैं। कुछ धारावाहिकों ने तो लोगों के दिलों में बहुत गहरी जगह बना ली है। हुमायूं सईद, आईजा खान और अदनान सिद्धकी 'मेरे पास तुम हो' धारावाहिक में मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरियल पाकिस्तान के बेस्ट ड्रामा में से एक है। इसमें प्यार और दर्द की कहानी को थोड़ा हटकर दिखाया गया, जिसने लोगों के दिल को छू लिया था। यह ड्रामा 2019 में आया था। पाकिस्तानी शोज की बात की जाती है तो 'तेर बिन' को पहले नंबर पर रखा जाता है।



# राज कपूर के लेकर शाहरुख खान तक ये हैं हिंदी सिनेमा के रोमांटिक हीरो...

**मुंबई।** वैलेंटाइन वीक के खास मौके पर हिंदी सिनेमा के उन अभिनेताओं की याद आती है, जिन्होंने अपने अभिनय और आकर्षण से दर्शकों के दिलों में एक स्थायी जगह बनाई है। रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाने वाले इन अभिनेताओं ने अपने अंदाज और मासूमियत से न सिर्फ सिनेमा जगत को, बल्कि दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। आइए जानते हैं कुछ ऐसे प्रमुख रोमांटिक हीरो के बारे में जिन्होंने हिंदी सिनेमा में खास मुकाम हासिल किया।

***दिलीप कुमार :*** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

***राज कपूर :*** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

***राजेश खन्ना :*** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।



***देव आनंद :*** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

***ऋषि कपूर :*** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में बसा हुआ है।

***शाहरुख खान :*** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

***सलमान खान :*** सलमान खान ने रोमांटिक फिल्मों में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। 'मैंने प्यार किया' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी फिल्मों में उनका रोमांटिक अंदाज आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।

# 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर मार्च में कैलिफोर्निया में 'सिनेक्वेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2025' में होने वाला है। फिल्म के निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर साझा करते हुए इस फिल्म को कलाकारों के लिए प्रशंसा बताया। उन्होंने लिखा, 'एक्टिंग की कला और क्राफ्ट के लिए एक प्रशंसा साथ ही, एक अभिनेता के जीवन के लिए भी।' आदित्य कृपलानी द्वारा निर्देशित यह हिंदी-अंग्रेजी ड्रामा पूरी तरह से मुंबई अभिनेता की कहानी है, जो वीडियो कॉल के माध्यम से एक रिटायर्ड, उदास फ्रैंकफर्ट बैंकर को सलाह देता है। नवाजुद्दीन को आखिरी बार फिल्म 'रौतू का राज' में नारायणी शास्त्री, राजेश कुमार और अतुल तिवारी के साथ मुख्य भूमिकाओं में देखा गया था। अब वह इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा अभिनेता मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'थामा' में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं।



## वैलेंटाइन वीक में देखा जा सकता है कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्में

# हिंदी सिनेमा की सुपरहिट प्रेम कहानियां, जो आज भी हैं यादगार


*नई दिल्ली। फरवरी का महीना! सर्दियों की विदाई और गर्मियों की आमद वाले इस मौसम को गुलाबी मौसम कहा जाता है। इसी में पड़ता है वैलेंटाइन वीक। सात दिनों में प्रेम दीवाने प्यार को जी लेने को उतावले रहते हैं। अब जब कथित मोहब्बत वाला महीना चल ही रहा है तो क्यों न सिनेमा की दुनिया की कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्मों का भी जिक्र किया जाए।*

**'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' (1995) :** बॉलीवुड की लव स्टोरी फिल्मों का जिक्र हो और 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का जिक्र न हो, ऐसा कैसे हो सकता है भला? हिंदी सिनेमा के रोमांस किंग और काजोल की जोड़ी वाली यह फिल्म ब्लॉकस्टर साबित हुई। 90 के दशक की इस फिल्म को आज भी दर्शक उतनी ही दिलचस्पी से देखते हैं।

**'हम दिल दे चुके सनम' (1999) :** सलमान खान और ऐश्वर्या राय की जोड़ी इस फिल्म में नजर आई। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का सेट, कहानी और स्टारकास्ट से लेकर म्यूजिक तक, सबकुछ नंबर वन रहा। सलमान और ऐश्वर्या की जोड़ी को पसंद करने वाले दर्शकों को लिए तो यह एक धरोहर सरीखी है। फिल्म में दोनों के बीच रोमांस देखने को मिला।

**मोहब्बतें (2000) :** आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टाइटल की तरह ही इसमें प्यार वाले इमोशंस हैं। इसमें अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय अहम रोल में हैं। इनके अलावा उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी, किम शर्मा और प्रीति झिंगियानी जैसे सितारे हैं। दो पीढ़ियों के वैचारिक अंतर को भी फिल्म में बखूबी दिखाया गया है।

***देवदास (2002) :*** संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी यह फिल्म शरतचंद्र चटोपाध्याय के उपन्यास 'देवदास' पर आधारित है। इसमें शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित लीड रोल में हैं। इसमें देव और पारो की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। इससे पहले 1936 मे 'देवदास' बन चुकी है। 1936 की फिल्म कुंदनलाल सहगल द्वारा अभिनीत थी, जबकी 1955 मे रिलीज हुई 'देवदास' मे दिलीप कुमार ने लीड रोल किया था।




***वीर जारा (2004) :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं। दो अलग-अलग मुल्कों के लोगों के बीच प्यार करने वालों की स्थिति को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। फिल्म में भारतीय पायलट वीर (शाहरुख खान) को पाकिस्तानी लड़की जारा (प्रीति जिंटा) से मोहब्बत हो जाती है। वीर को जब पाकिस्तानी जेल में बंदी बनाया जाता है, तो जारा उसे मृत मान लेती है और भारत आकर उसके गांव के लोगों की सेवा करती है। 22 साल बाद सामया सिद्दीकी (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है। जारा को सच्चाई पता चलती है।

**जब वी मेट (2007) :** शाहिद कपूर और करीना कपूर अभिनीत और इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का जवाब नहीं। यह ऐसी फिल्म है, जिसके दूसरे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अक्सर इम्तियाज अली से सीक्वल बनाने की गुजारिश करते हैं। करीना कपूर ने चुलबुली गीत का किरदार अदा किया है। फिल्म के गाने भी धमाल हैं। फिल्म की कहानी आदित्य (शाहिद कपूर) और गीत (करीना कपूर) की है। एक बिजनेसमैन का बेटा आदित्य बेवजह ट्रेन में चढ़ जाता है और खुदकुशी करना चाहता है। ट्रेन में उसकी मुलाकात जिंदादिल गीत से होती है। आदित्य को जिंदगी के प्रति नया नजरिया मिलता है।

**रॉकस्टार (2011) :** रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी, अदिति राव हैदरी जैसे सितारों से सजी यह फिल्म भी इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने रचा। इस रोमांटिक फिल्म ने फैंस को खूब दीवाना बनाया। बीते वर्ष इसे एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म की कहानी प्यार और संगीत की है। कहानी उस बात को आधार देती है कि दिल में दर्द हो तो कला और खूबसूरत होकर उभरती है। कुछ ऐसा ही है कॉलेज स्टूडेंट जनार्दन (रणबीर कपूर) के साथ।

**राम-लीला (2013) :** संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण अहम रोल में हैं। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का म्यूजिक भी दर्शकों को खूब पसंद आया। अलग-अलग कबीलों के खास घरानों के रहने वाले राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत... ढोल-ढमाकों पर जमकर नाचे पदाधिकारी-कार्यकर्ता, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

## वीडी ने प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रदेश कार्यालय में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और पार्टीजनों का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी।

कार्यकर्ताओं ने ढोल-ढमाकों पर जमकर नृत्य किया तथा आतिशबाजी करके अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद सुमित्रा वाल्मीक, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री सरदेंदु तिवारी, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, पूर्व सांसद आलोक संजर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई



### दिल्ली की जनता ने पीएम मोदी पर जताया विश्वास



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जो प्रचंड जीत मिली है, उससे पूरे देश के पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। मप्र सहित देश के कोने-कोने में पार्टी कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। दिल्ली को अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी जैसे झूठ-फरेब करने वालों ने 15 सालों में जिस दुरावस्था तक पहुंचाया था, दिल्ली की जनता ने इस चुनाव में उस आपदा का अंत कर दिया है। शर्मा ने कहा कि इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों पर जनता ने मुहर लगाई है।

### प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेता दवे ने जश्न मनाकर लहराया पार्टी का झंडा



प्रदेश भाजपा कार्यालय में विजय उत्सव के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। ढोल-ढमाकों के साथ भव्य आतिशबाजी की गई। गुलाल लगाकर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र दवे, पूर्व पार्षद रामेश्वर राय दीक्षित पार्षद बाबूलाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, गोविंद कहांरे, भागवत रघुवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

एकात्म धाम में हुआ आचार्य शंकर के जीवन पर केंद्रित कथा प्रसंग कार्यक्रम

# आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं ने समाज को प्रदान की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदि शंकराचार्य केरल के छोटे से स्थान से मप्र आकर नर्मदा मैया के तट पर पहुंचे और बाल्यावस्था में परिपक्व दृष्टिकोण के साथ समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी शिक्षाओं ने धर्म और दर्शन को एक नई दिशा प्रदान की। यह शिक्षाएं और दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ स्थित एकात्म धाम में शनिवार की शाम आयोजित आचार्य शंकर पर केंद्रित कथा प्रसंग कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर मप्र की झलकियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले प्रयागराज में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के शिविर में पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने अध्यात्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं पर विचार-विमर्श किया। प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र स्थित एकात्म धाम में मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया।

अध्यात्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं पर हुआ विचार-विमर्श

मुख्यमंत्री ने आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी और संतों से प्राप्त किया आशीर्वाद




### हम एकात्मता की बात करते हैं: सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब हम एकात्मता की बात करते हैं, तो आदि शंकराचार्य के संदेश का स्मरण करते हैं। एक ध्येय वाक्य है 'यत्पिंडे-तत्ब्रह्मांडे' अर्थात देह के अंदर ब्रह्मांड की तरह सब कुछ स्थिर है, जो शक्ति ब्रह्मांड को चला रही है, वहीं देह का संचालन करती है।*

### सरकार न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदैव साथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज में न्यास की ओर से जितने आयोजन हो रहे हैं, उनमें मप्र सरकार की भूमिका रहेगी। मप्र सरकार न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदैव साथ है। इन प्रयासों को तेज गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा के तट पर डुबकी लगाने आए। पूरा देश कुंभ के आनंद में है।

### शनिवार को महाकुंभ पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर प्रयागराज महाकुंभ में हुई तैयारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों का दल प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में पधारे साधु-संतों से भी इस संबंध में मार्गदर्शन लिया जाएगा। उन्होंने सीएम योगी और उप्र सरकार को बधाई दी।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप्र सरकार को बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से उप्र सरकार ने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया है।

### एकात्म धाम में विराजे संतों को नमन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एकात्म धाम शिविर और यहां विराजे परमपूज्य शंकर भारती महाराज, महास्वामी संस्थापक वेदांत भारती, मठाधिपति योगानंदम मठ, मैसूर के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री ने मप्र सरकार की ओर से विशिष्ट जन का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा व्यासपीठ पर विराजमान परमपूज्य गोविंद देव महाराज, कोषाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र और एकात्म धाम में विराजे अन्य सभी संतों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आज भी शंकराचार्य सभी को आशीर्वाद दे रहे हैं।

---

अमेरिका का भारतीय अप्रवासियों को बेड़ियां बांधकर कर भेजना गलत

# केंद्र सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आय की कर मुक्त, जनता को दी बड़ी राहतः अठावले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमेरिका द्वारा अप्रवासियों भारतीय को बेड़ियां बांधकर भेजना गलत है। अमेरिका को ऐसे कृत्य के लिए मांफी मांगना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिकी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। यह बात केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राजधानी में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहीं। उन्होंने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार के आम बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 12 लाख तक की इनकम को पूरी तरह से आयकर मुक्त कर दिया है। इससे आम जनता को भारी राहत मिली है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की राह पर अग्रसर है और 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार के आम बजट में रक्षा क्षेत्र को 6 लाख करोड़ से ज्यादा का आवंटन किया गया है। रेलवे को 2.52 लाख करोड़ का आवंटन 2025-26 के बजट में हुआ है। वहीं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत इस बार के बजट में 1 लाख 68 हजार करोड़ की राशि मिली है। इससे जनता के लिए विकास और कल्याण कार्य किए जाएंगे।



### 51 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले

अठावले ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत हुई थी। 51 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले जा चुके हैं। 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना प्रारंभ हुई थी। इसका भी लोगों को काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त सिलेंडर मिला है। देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। अठावले ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक मकान बनाए जा चुके हैं। उन्होंने नौजवानों से आह्वान किया कि वे आगे आएं और रोजगार सृजित करें और देश को आगे बढ़ाएं।

## गांव में तैयार होगा गेहूं, चना व फसलों का हाईब्रिड बीज

**भोपाल।** छोटे और बड़े किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब बोवनी के लिए किसानों को व्यापारियों से महंगा बीज नहीं खरीदना पड़ेगा, जिसके लिए कृषि विभाग ब्लॉक स्तर पर पांच पांच गांवों में बीज केंद्र बनाने जा रहा है। जहां बोवनी के लिए हाईब्रिड बीज तैयार किया जाएगा। यहां पर किसानों के लिए यूरिया और डीएपी भी रखी जाएगी, जिससे किसानों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए भी मोटिवेट किया जाएगा। जिले के एक ब्लॉक के 5 गांवों को आत्मनिर्भर गांव बनाया जाएगा। जिसमें हाईब्रिड बीज उसी गांव में तैयार होकर गांव में विक्रय कर उत्पादन किया जाएगा। उर्वरक यूरिया, डीएपी के स्टॉक के लिए योजना तैयार की जा रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग को दी गई है।

---

फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव को हराकर दर्ज की जीत

# जिले की महिला कबड्डी टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

एक बार फिर से जिले की महिला कबड्डी टीम चैंपियन बनी है। महिला कबड्डी की टीम ने राजनांदगांव फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव को हराकर जीत दर्ज किया है।

दरअसल, 7 से 8 फरवरी 2025 तक दो दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत कोरर विकासखंड भानु प्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आयोजित किया गया था। जिसमें जिले के पेंड्रा नगर की महिला टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। जहां महिला टीम ने लीग के सभी मुकाबले में जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। जिसके बाद क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोंडागांव को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। साथ ही सेमी फाइनल मुकाबले में पडागांव जिला कांकेर को मात दी। और फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव को हराकर किताब अपने नाम किया एवं जीत का सेहरा अपने सर बांधा है।



---

# ट्राले ने मारी बाइक सवारों को टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

## ट्राला छोड़कर भागा ड्राइवर, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय में एक बार फिर से तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो अन्य को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के बेलादुला निवासी शिवम यादव 20 साल, आलोक यादव 17 के अलावा विवेक कुमार देवांगन रविवार की सुबह कुछ सामान खरीदने के नाम से घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमटी 8675 में सवार होकर निकले थे।



बताया जा रहा है कि सामान खरीदने के बाद तीनों युवक घुमने के इरादे से उर्दना की तरफ गए हुए थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े 11 बजे आसपास पूंजीपथरा की तरफ से आ रहे। ट्रेलर चालक ने तेज और लापरवाही बाइक सवार तीनों युवकों को जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे घटना स्थल पर ही शिवम यादव की मौत हो गई।

### उपचार जारी

वहीं विवेक कुमार देवांगन, आलोक यादव को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि आज सुबह की यह घटना है। जिसमें एक युवक की मौत हो गई दो का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

---

# केंदई रेंज के चोटिया खदान डंपिंग के पास दिखा हाथियों का झुंड

## सक्रिय हुई वन विभाग की टीम, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों की मौजूदगी ने सभी को परेशान कर रखा है। केंदई रेंज के चोटिया खदान डंपिंग के पास हाथियों के झुंड को देखकर हड़कंप मच गया। जंगली हाथियों की भीड़ को देखकर ग्रामीण सहम गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को खदेड़ने के प्रयास में जुट गई है।

कोरबा के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग के लिए हाथी किसी नासूर से कम नहीं है। रिहायशी इलाके में जंगली हाथियों के पहुंचने से समस्या काफी बढ़ जाती है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर से हुआ। केंदई रेंज के चोटिया इलाके में हाथियों का दल अचानक पहुंच गया। खदान डंपिंग के पास हाथियों को देखकर ग्रामीण सहम गए। हाथियों के कारण दहशत से भरे ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें खदेड़ने में जुट गई। ग्रामीणों की मानें तो हाथियों के झुंड में बेबी एलिफेंट भी है। वहीं हाथी आसपास काफी लंबे समय से विचरण कर रहे हैं। फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा शाम होते ही लोग घर से नहीं निकलते के गांव ऐसे हैं, जो जंगल से लगे हुए हैं। उन्हें हाथियों का ज्यादा डर बना रहता है। वन विभाग की टीम जंगल से लगे गांव में मुनादी कर रही है और ग्रामीण को जंगल की ओर जाने से रोका जा रहा है। वहीं हाथियों पर वन विभाग की टीम लगातार नजर रखी हुई है।



टीम लगातार सतर्क करने कर रही मुनादी

---

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम में बोले विस प्रमुख सचिव

# विधि निर्माण में वकील निभा सकते हैं उपयोगी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि शासन के तीनों अंगों में विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन इनके निर्देशों का कार्यान्वयन कार्य पालिका की ओर से किया जाता है। सिंह ने प्रभावी तरीक़े से संसदीय प्रणाली व विधायिका की कार्य प्रक्रिया के साथ विधि निर्माण व अन्य जानकारी दी।

शासन के तीनों अंगों में विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण



### विधानसभा की कार्य प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छत्तरपुर के माध्यम से जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सभागार में विधि विद्यार्थियों, पीएलवी पैनल लॉयर एवं अन्य अधिवक्ताओं के लिए विधानसभा की कार्य प्रक्रिया के संबंध में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न तरह की जानकारी दी गई। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सिंह ने मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने की।

### इन्होंने की कार्यशाला में सहभागिता

*सिंह ने कहा कि विधि निर्माण में वकील व विधि के जानकारों की उपयोगी भूमिका हो सकती है। यदि वे विधान सभा में पुरःस्थापित विधेयकों का अध्ययन करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए गए। इस अवसर पर न्यायाधीश सीजीएम श्रीमती भारती, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, समाजसेवी शंकरलाल सोनी सहित जिला न्यायालय के एडीआर सभागार में विधिक सेवा पदाधिकारी, अधिवक्ता तथा ला स्टूडेंट उपस्थित थे।*

---

दो जवान शहीद, दो घायल, नक्सलियों की धरपकड़ के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन जारी

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों के मारे जाने की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों को मार गिराया है। दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है।

बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है, अभी भी अन्य नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है।



### सीएम ने साय ने जवानों के बलिदान पर जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के बलिदान होने की सूचना पर शोक जताया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

*आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में जिस नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ के करीब 650 से ज्यादा जवानों की पार्टी को लेकर तीन तरफ से रवाना किया गया था।*

## चिंतन

# दिल्ली चुनाव के नतीजे में 'आप' के लिए सबक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार आंदोलन से उभरे नेता अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी राजनीति के अंत के साथ सबक है। 27 वर्ष वाद दिल्ली प्रदेश में कमल खिला है। यह भाजपा के धैर्य, जूझारू राजनीति, सांगठनिक क्षमता, पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विकासोन्मुख समावेशी सियासत की जीत है। कांग्रेस की पराजय उसके वजूद के लिए संकट बन सकती है। बिना सीएम चेहरे के भाजपा ने आप के प्रमुख चेहरा अरविंद केजरीवाल को करारी शिकस्त दी है। आप की भी हार हुई और केजरी भी हारे। आप के अन्य दिग्गज नेता मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सतेंद्र जैन, राखी बिड़लान, अवध ओझा भी हार गए। दिग्गजों की हार दर्शाती है कि जनता में आम आदमी पार्टी के खिलाफ कितना आक्रोश था। भारतीय राजनीति की खासियत है कि वह कभी भी 'अति' को सहन नहीं करती है। चाहे इंदिरा गांधी की राजनीति हो या अभी अरविंद केजरीवाल की राजनीति, जनता के अपना संदेश दिया। दिल्ली में हार अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी आप के लिए सही मायने में राजनीतिक यात्रा शुरू करेगी। पार्टी बनने के बाद आप ने सीधे सत्ता का स्वाद चखा। पार्टी को अपने राजनीतिक लक्ष्य के लिए कभी सड़क पर संघर्ष नहीं करना पड़ा। आंदोलन के बाद बने जनमत का आम आदमी पार्टी ने फायदा उठाया था। नई राजनीति के नाम पर दिल्ली के लोगों ने भरोसा किया। सेवक से येनकेन प्रकारेण सत्ताजीवी बनने की महत्वाकांक्षा अरविंद व उनके सिपहसलाहकारों को ले डूबी। दिल्ली विधानसभा का यह चुनाव आप के लिए बड़ा सबक है कि केवल फ्रीबिज और खोखले बयानों व सनसनीखेज आरोपों के भरोसे लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती है। अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व के लिए भी यह हार जरूरी सबक साबित होगी। या तो वे सीखेंगे व टिकेंगे या बोरिया बिस्तर समेट लेंगे। दिल्ली की जनता ने जिस उम्मीद व भरोसे के साथ नई नवेली पार्टी आप को सिर-आंखों पर बिठाया था और केजरीवाल को मौका दिया था, वे इस उम्मीद व भरोसे को कायम नहीं रख सके। भ्रष्टाचार के खिलाफ बनी पार्टी अंततः भ्रष्टाचार के आरोपों में सन कर सत्ता से बेदखल हो गई। केजरीवाल की 'मैं' शैली की राजनीति के चलते उनके बहुमूल्य योग्य साथी अलग हो गए। पार्टी के अंदर लोकतंत्र नहीं पनप सका। परिवर्तन लाने के मकसद से राजनीति में आने वाले लोग निराश हुए और अंत में दिल्ली की जनता के केजरीवाल के 'मैं' का अंत भी कर दिया। आज केजरीवाल अगर पीछे मुड़कर ईमानदारी से देखेंगे तो पता चलेगा कि वे जितना पाए, उससे अधिक उन्होंने खोया है। राजनीति जोड़ने का काम है, तोड़ने का नहीं। केजरीवाल अपने ही लोगों को सहेज कर नहीं रख सके। अपने पहले कार्यकाल के बाद केजरीवाल ने कभी भी शासन पर फोकस नहीं किया। केंद्र से टकराते रहे, एलजी से उलझे रहे, कोर्ट-कोर्ट खेलते रहे, एक के बाद एक आरोप मढ़ते रहे। कामकाज पर फोकस नहीं होने से दिल्ली के लोग पेयजल, स्वच्छ हवा, बिजली आपूर्ति, खराब सड़कें, बसों की किल्ल्त, कूड़े के ढेर, यमुना की गंदगी, खराब स्वास्थ्य सेवा आदि से जूझते रहे। इसलिए आप के फ्रीबिज भी काम नहीं आए। उम्मीद की जानी चाहिए कि दिल्ली में भाजपा सरकार विकसित दिल्ली के लिए काम करेगी, राष्ट्रीय राजधानी की जरूरतों को पूरा करेगी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को संवारेगी और अपने चुनावी वादे पूरा करेगी। आम आदमी पार्टी भी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।



दिल्ली चुनाव
डॉ. चन्द्र त्रिखा

# केजरीवाल युग के अंत की शुरुआत!

तो क्या यह मान लिया जाए कि 'केजरीवाल के राजनीतिक दर्शन' को जनादेश ने पूरी तरह नकार दिया? दिल्ली में चौथी बार सरकार बनाने के स्वप्न बिखर जाने के बाद अब केजरीवाल व उनकी पार्टी का भविष्य कैसा रहेगा, फिलहाल निश्चित नहीं है। लेकिन यह निश्चित है कि इस देश का विशाल जनमत अब घृणा, हिकारत और कड़वाहट की राजनीति पसंद नहीं करता। वैसे पूरे विश्व में इन दिनों नकारात्मकता का प्रदूषण फैला है। इन दिनों कहीं भी किसी भी क्षेत्र में ताज़ी हवा नहीं बह रही। जले-भुने राजनेता, जले-भुने टीवी एंकर, जले-भुने प्रवक्तागण, गली सड़ी भाषा का पथराव। किसी भी प्रमुख नेता के चेहरे पर कोई दमक या ऊर्जा दिखाई नहीं देती। मेरी प्रपौत्री की उम्र 6 वर्ष है। पूछती है बड़े दादा। ये नेतागण कभी मुस्कराते या हंसते क्यों नहीं? राहुल गांधी, सोनिया, योगी आदित्यनाथ, केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खड़गे को तो कभी किसी ने मुस्कराते भी नहीं देखा। यही शिकायत गृहमंत्री से भी हो सकती है। यही स्थिति विश्व पटल पर भी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, अमेरिकी-बॉस ट्रम्प, जेलेंस्की, शाहबाज़ शरीफ कोई भी तो संतुलित या खिलाखिला दिखाई नहीं देता।

बकौल दुष्यंत कुमार 'अब किसी को भी नज़र आती नहीं कोई दरार/ घर की हर दीवार पर/ चिपके हैं इतने इश्तिहार, रोज़ अखबारों में पढ़कर यह ख्याल आया हमें/इस तरफ आती तो हम भी देखते फसलें बहार'। यानि कहीं भी राहत, संतुष्टि वाली या सुखद हवा नहीं बहती दिखाई देती है। अब ऐसी शख्सियतों को हम अपना आदर्श नायक भी कैसे मानें? कुछ प्रश्नों के कोई उत्तर मिल ही नहीं पाते। इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर सादगी, पारदर्शिता और निष्कलंकता की प्रतिमूर्ति बने अरविंद केजरीवाल ने अपने आवास पर इतना खर्च कैसे करवा डाला? इस प्रश्न का भी उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब गाज़ा पर क्यों कब्ज़ा करना चाहते हैं? आरोप यह भी है कि ट्रम्प मूल रूप से रियल एस्टेट कारोबारी भी हैं और कॉलोनाइजर्स भी, इसलिए टॉवर निर्माण में उनकी दिलचस्पी कुछ ज्यादा ही है। विश्वभर में उनकी सम्पत्तियां व आवासी टॉवर फैले हैं। यहां तक कि भारत में भी गुरुग्राम व पुणे में उनके टॉवर हैं। इन दोनों में फ्लैटों की कीमतें करोड़ों में हैं। आखिर अब्राहम लिंकन, रुज़वेल्ट, कैनेटी व ओबामा जैसे आदर्श राष्ट्रपतियों के वारिस ट्रम्प इतने बड़बोले, रुखे, लोभी व संवेदनशील क्यों हैं? स्थिति रूस व चीन में भी अच्छी नहीं है।

टालस्टाय, गोर्की, चेखव, तुर्गदेव और सोल्ज़ेनित्सिन वाला रूस बरसों से एक ऐसे नेता की मुट्ठियों में जकड़ा है जो मूल रूप से एक जासूस है। पुतिन की पृष्ठभूमि कभी भी एक जुझारू महानायक वाली नहीं रही। उन्होंने अपने ही देश में अपने प्रतिद्वंद्वियों को चुन चुनकर ठिकाने लगाया है। अब अपने देश को एक ऐसे देश के खिलाफ युद्ध में झोंके हुए है जो कभी सोवियत संघ का ही एक सदस्य देश था। अब पुतिन पुराने सोवियत संघ की बहाली का सपना भी देखने लगे हैं। वे चाहते हैं कि वे सभी देश, जो पहले सोवियत संघ का अंग थे, वापस उसी तरह के नए-नए राष्ट्र के रूप में उभरकर आएं ताकि नया सोवियत संघ अपनी पुरानी गरिमा बहाल कर सके। उधर, ट्रम्प महोदय, गाज़ा-पट्टी पर कब्जे के इलावा एक और रोडमैप बिछाने में लगे हैं। उन्होंने अपने अटार्नी जनरल को आदेश दिया है कि अमेरिका में चर्च-विरोधी तत्वों का भी सफाया किया जाए। यानि वह ईसाइयत की बहाली चाहते हैं। ट्रम्प कहते हैं, 'मैं 'गॉड' को वापस लाना चाहता हूं ताकि देश को उनकी शरण में रहने का अवसर मिले'। ट्रम्प 'गॉड' को फिर से क्यों बुलाना चाहते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। यानि चारों ओर 'सनक' का साम्राज्य फैलता जा रहा है। 'आदर्श नायक' नाम की कोई भी प्रजाति किसी भी देश में दिखाई नहीं देती। लेकिन इस सारे अराजक माहौल में हमारा महाकुम्भ सभी तरह की आलोचनाओं के बावजूद पूरी तरह से समापन की ओर बढ़ता दिखाई देता है। महाकुम्भ के आयोजन में जहां एक ओर शाही संगम स्नान अपनी छटा बिखेर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 'एआई' अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी धूम है। बाबाओं, साधुओं, महामण्डलेश्वरों के झोलों में उनके 'लैपटॉप' हैं और साथ ही साथ अत्याधुनिक 'गैजेट्स' से सम्पन्न संयंत्र भी। फिलहाल यह सही-सही अनुमान लगाना भी सम्भव नहीं है कि हम ऐसे माहौल में किस दिशा की ओर अग्रसर हैं। क्या विश्व-शांति की परिकल्पना समाप्त होने को है? इस अराजकता के माहौल में हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के आदर्श को बहाल कैसे कर पाएंगे?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भाजपा की सुनामी में बह गई 'आप'!



विश्लेषण
योगेश कुमार गोयल

> भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे। भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार के लंबे समय तक सत्ता में रहने से जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिस कारण मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।

27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब जाकर दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे। भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं




और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी रखेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आत्मसंयमी होना व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके निःशुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं। *– साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# तीन देशों की साझेदारी उ. कोरिया के लिए खतरा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है। सरकारी मीडिया में रविवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावानियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है।



## ऑफ बीट

# लू के दौरान ठंडक बनाए रखने में पेड़ मददगार

लू दुनिया के सबसे घातक मौसमी खतरों में से एक है। हर साल, बड़ी संख्या में लोग भीषण गर्मी के कारण मर जाते हैं। दुर्भाग्यवश, शहरों में कोलतार की सड़कें, ईंट और कंक्रीट की संरचनाएं और छत की टाइल भारी मात्रा में गर्मी को अवशोषित करके उसे बनाए रख सकती है, जिसका अधिकांश हिस्सा सूर्योदय के बाद उत्सर्जित होता है। इससे शहरों में तापमान आसपास के इलाकों या ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक हो सकता है जिसे 'शहरी ताप द्वीप प्रभाव' के रूप में जाना जाता है। पेड़ और हरियाली शहरी तापमान को कम कर सकते हैं लेकिन इन विशाल शीतलन प्रभावों को प्राप्त करने के लिए उन्हें मिट्टी से पानी खींचने में सक्षम होना चाहिए। दूसरे शब्दों में, कभी-कभी गर्मी के दौरान अपने पेड़ों को पानी देना मददगार हो सकता है। पेड़ दो महत्वपूर्ण तरीकों से शहरी तापमान को कम करते हैं। एक तो वे छाया प्रदान करते हैं और दूसरा उनके शीतलन प्रभाव के माध्यम से। पानी पौधे की जड़ों के माध्यम से अंदर जाता है, तने से होकर गुजरता है और फिर पत्तियों से स्टोमेटा नामक छोटे छिद्रों के माध्यम से हवा में मिल जाता है। पानी मिट्टी और अन्य सतहों से भी वाष्पित हो सकता है। पौधों और मिट्टी से पानी के संयुक्त नुकसान को वाष्पोत्सर्जन कहा जाता है।



## ट्रेंड

### हमारी गारंटी



दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### साक्षी बनने को उत्सुक



द्विवार्षिक एयरो-इंडिया के 15वें संस्करण में भाग लेने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना हो रहा हूं। यह आयोजन अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैश्विक विमानन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगा। एयरोस्पेस क्षेत्र के 'भविष्य' का साक्षी बनने को उत्सुक हूं।"
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### जनादेश स्वीकार



दिल्ली का जनादेश विनम्रता से स्वीकार करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वासियों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी।
- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### आपातकालीन व्यवस्था



प्रयागराज महाकुंभ में फँसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तुरंत आपातकालीन व्यवस्था की जाए। हर तरफ़से जाम में भूखे, प्यासे, बेहाल और थके तीर्थयात्रियों को मानवीय दृष्टि से देखा जाए।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के संबंध में कई विशेष बातें

# करनैल सिंह सबसे अमीर वहीं संजीव सबसे गरीब विधायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है। उधर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आप एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाएगी। इस बीच लगातार तीसरी बार दिल्ली में एक भी सीट हासिल न कर पाने वाली कांग्रेस का बयान आना बाकी है। चुनावी नतीजे आने के बाद जीते हुए उम्मीदवारों को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं? मसलन दिल्ली को अब जो नेता मिलेंगे, वे सब कितने पढ़े-लिखे हैं? उनकी संपत्ति कितनी है? इनमें कितने नेताओं पर आपराधिक केस दर्ज हैं? इसके अलावा दिल्ली की नई विधानसभा कितनी उम्रदराज होगी?

**सबसे अमीर विजेता 259 करोड़ के मालिक**

> दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है।

### विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष

दिल्ली विधानसभा चुनावों में जो नेता चुनकर आए हैं, उनकी उम्र का दायरा 31 साल से लेकर 73 साल तक है। दिल्ली में चुने गए नवनिर्वाचित विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष है। यानी दिल्ली विधानसभा में युवाओं और बुजुर्ग विधायकों का एक अच्छा संगम साबित होने वाली है।



### आप के झा की संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपए

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जो प्रत्याशी जीते हैं, उनकी औसत संपत्ति 21.28 करोड़ रुपए है। आम आदमी पार्टी से जीतने वाले संजीव झा इनमें सबसे कम संपत्ति वाले विधायक होंगे। उनकी कुल संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपए है। वहीं, 259 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति के साथ शकूर बस्ती से चुने गए करनैल सिंह सबसे अमीर विधायक होंगे।



### 31 विधायकों पर मामले दर्ज अमानतुल्लाह पर 19 केस

दिल्ली की नई विधानसभा में इस बार 70 में से 31 विधायक ऐसे होंगे, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी करीब 44 फीसदी जनप्रतिनिधि दागी होंगे। सबसे ज्यादा 19 मामले ओखला सीट से चुने गए अमानतुल्लाह खान पर दर्ज हैं। वहीं, 18 विधायक ऐसे होंगे, जिन पर दो या इससे ज्यादा केस दर्ज हैं।



### 17 पीजी,कई इंजीनियर- डॉक्टर तो राम सिंह केवल 5वीं पास

दिल्ली विधानसभा में इस बार शिक्षा का स्तर काफी बेहतर है। 70 में से 17 विधायक ऐसे हैं, जो कि पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके हैं। वहीं, दिल्ली में इस बार कोई भी जनप्रतिनिधि अनपढ़ नहीं है। विधायकों की शिक्षा का स्तर न्यूनतम पांचवीं पास है। उच्चतम शिक्षा की बात करें तो एक प्रतिनिधि डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। सबसे पढ़े-लिखे विधायक भाजपा के डॉ. अजय दत्त हैं। सबसे कम-पढ़े लिखे जनप्रतिनिधि राम सिंह नेताजी हैं, जिन्होंने पांचवीं तक पढ़ाई की है।



## खबर संक्षेप

### बिस्किट से लेकर फोन टैरिफ महंगे होंगे!

**नई दिल्ली।** आयकर में राहत और कर्ज पर किस्त कम होने की उम्मीदों के विपरीत लोगों को झटका लग सकता है। बिस्किट से लेकर फोन टैरिफ महंगे हो सकते हैं। दोनों क्षेत्रों की कंपनियों ने इस तरह का संकेत दिया है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा, वर्ष के अंत तक उत्पादों की कीमतों में 4.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी संभव है।



### बेंगलुरु में शीरन के स्ट्रीट शो पर लगी रोक

**बेंगलुरु।** लोकप्रिय ब्रिटिश सिंगर एड शीरन के बंगलूरू में स्ट्रीट शो पर रोक लगा दी गई है। बेंगलुरु पुलिस ने ब्रिटिश संगीतकार एड शीरन के शहर में होने वाले लाइव स्ट्रीट परफॉर्मेंस को रोक दिया। पुलिस का कहना है कि सिंगर-गीतकार ने अनुमति नहीं ली थी। सिंगर के खिलाफ शिकायत पर पुलिस ने शो पर रोक लगाई।



### सीएम फडणवीस की पत्नी का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस मशहूर गायिका हैं। उनके कई गाने रिलीज हो चुके हैं। हाल ही में उनका एक और गाना आया है। गाने का टाइटल है, 'मारो देव बापू सेवालाल'। इस गाने के वीडियो में अमृता बंजारन बनी हैं। उनके इस गाने पर सलमान खान ने भी पोस्ट शेयर किया है।



### पिज्जा ऑर्डर करने पर 4 छात्राएं निलंबित

**पुणे।** महाराष्ट्र के एक हॉस्टल में सोशल वेलफेयर हॉस्टल से चार छात्राओं को केवस इस वजह से हॉस्टल से निकाल दिया गया। उन्होंने ऑनलाइन पिज्जा ऑर्डर किया था। यह पुणे के मोशी स्थित सोशल वेलफेयर हॉस्टल है। हॉस्टल की वार्डन मीनाक्षी नरहरे ने एक माह के लिए सस्पेंड किया है।



## महाकुंभ में फिर भारी भीड़, रात 11 बजे से पैदल चल रहे यात्री

# प्रयागराज से पहले 28 किलोमीटर लंबा जाम लगा, झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक 'लॉक'



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

> प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। हर दिन लाखों लोग पावन संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

मौनी हादसे के बाद कुछ दिन के लिए थम गया। लेकिन अब फिर से भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। आज रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ नजर आ रही है। वहीं सड़कों पर भी गाड़ियां जगह-जगह जाम में फंसी हैं। यात्री रात 11 बजे से पैदल चल रहे हैं। प्रयागराज में झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लगा हुआ है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है। त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

### घाटों पर पहुंचने के लिए घंटों इंतजार

प्रयागराज में भी लोगों को घाटों तक पहुंचने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल और रूटों पर आपात प्लान लागू कर दिया गया है। अगर बात प्रयागराज आने वाले रूट की करें तो फाफामऊ से प्रयागराज, झूंसी से प्रयागराज, जसरा से प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भारी जाम लगा हुआ है।



**प्रयागराज रायबरेली पर लंबा जाम**

कसारी गांव के सामने आवागमन को पुलिस ने रोक दिया है। वहीं दूसरी तरफ प्रयागराज-रायबरेली हाईवे पर नवाबगंज से 12 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लग गया है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है।

### शनिवार को एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान

27वें दिन शनिवार एक करोड़ 22 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसके चलते प्रयागराज आने वाली अधिकतर सड़कों पर जाम की स्थिति है। हजारों की तादाद में लोग प्रयागराज के बाहर जाम में फंसे रहे। मेला प्रशासन का दावा है कि ऐसी ही भीड़ रही तो महाकुंभ के समापन तक श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ के पार हो सकती है।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने खत्म कराया हठयोग

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को धार देने के लिए हाईकोर्ट में लंबित सिविल वाद के वादी आशुतोष महाराज की खड़ी तपस्या के हठयोग को जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने शनिवार को समाप्त करा दिया। 13 जनवरी से आशुतोष महाराज ने प्रण लिया था।



### माघी पूर्णिमा पर रेलवे लागू करेगा नया प्लान



वसंत पंचमी के बाद से महाकुंभ नगर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व पर मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू करेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सोमवार रात 12 बजे से ही रेलवे यह प्लान लागू कर देगा। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, कानपुर, झांसी व सतना की ओर ऑन डिमांड ट्रेनें चलाई जाएंगी। ऑन डिमांड ट्रेन चलाने का फायदा यह रहेगा कि जिस रूट पर यात्रियों की भीड़ रहेगी, उसी रूट पर रेलवे अतिरिक्त ट्रेन संचालित कर देगा। प्रयाग और फाफामऊ से अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, झूंसी व प्रयागराज रामबाग से वाराणसी, गोरखपुर रूट की ट्रेनें संचालित होंगी। सिके सिवाय कई और गाड़ियां चलाई जाएंगी।

## दिल्ली में भाजपा, हरियाणा में भाजपा खत्म होगा जल बंटवारे का विवाद !

# 40 साल में पहली बार एनसीआर के सभी 4 राज्यों में भाजपा की सरकारें, विकास को लगेंगे पंख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**हरिभूमि विशेष**

दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद चार दशक में ये पहला अवसर होगा जब राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र (एनसीआर) के सभी 4 राज्यों भाजपा की सरकारें हैं। दिल्ली, हरियाणा, उप्र और हरियाणा के दिल्ली सीमा से लगे क्षेत्रों को मिलाकर एनसीआर बोर्ड की स्थापना की गई थी। ताकि देश की राजधानी दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद सहित 55 हजार 144 वर्ग किमी में फैले आर्थिक कॉरीडोर को सर्वसुविधा युक्त बनाकर वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत अलग मुकाम हासिल कर सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि एनसीआर के लिए एक वृहत विकास परियोजनाओं को आकार देना विभिन्न राजनीतिक दलों के सत्ता में रहते हुए बेहद मुश्किल भरा रहा। राजनीतिक वजहों से कई योजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ती रहीं। अब चूंकि सभी राज्यों में एक ही दल की सरकारें हैं इसीलिए माना जा रहा है कि दिल्ली ही नहीं समूचे एनसीआर का द्रुत विकास हो सकेगा। अर्थव्यवस्था को नया ऑक्सीजन मिल सकेगा।

सबसे महत्वपूर्ण और बेहद क्लिस्ट माने जाने वाला दिल्ली, हरियाणा के बीच जल बंटवारे पर चली आ रही रस्साकशी का अंत हो सकेगा! ठीक ऐसी ही आस ओडिशा और छत्तीसगढ़ सरकार में भाजपा के रहने से लगायी जा रही है। दोनों राज्यों के बीच महानदी जल बंटवारे को लेकर ट्रिब्यूनल बनाए जाने के बाद भी अब तक विवादों का समाधान नहीं हो पाया है। दोनों सूबे की भाजपा सरकारें मिलकर जल्द ही महानदी विवाद का भी अंत कर सकती हैं।

शहरी विकास मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने माना कि केवल नेशनल कैपिटल रीजन बोर्ड ही नहीं बल्कि दिल्ली के लिए मास्टर प्लान -2041 बनाने वाली नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स भी कुलाचें भर सकेगा। सूत्रों ने बताया कि जल्द ही एनसीआर के विस्तारित संस्थानों की एक बड़ी बैठक शहरी विकास मंत्री आयोजित करने वाले हैं। रविवार को ही इसकी तैयारी का आदेश दिया गया है।

सूत्रों ने बताय कि नेशनल कैपिटल प्लानिंग बोर्ड के 1985 में बनने के बाद कभी ऐसा मौका हीं नहीं आया कि संबंधित चारों राज्यों में एक ही दल की सरकार हो, अलग अलग दलों की सरकार होने से योजनाओं को क्रियान्वि करने में तमाम राजनीतिक पचड़े रास्ते में आड़े आते रहे। अब माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के आधार पर एनसीआर मास्टर प्लान और दिल्ली मास्टर प्लान की परियोजनाओं को पंख लगेंगे।

## राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी रहे आयोजन के मुख्य अतिथि

# मंत्री प्रधान ने लॉन्च की 41 किताबें, पीएम युवा 2.0 से युवा लेखकों को मिली पहचान

### युवा लेखकों की रचनात्मकता और लेखन भारतीय साहित्य समृद्ध होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में पीएम युवा 2.0 योजना के तहत 41 नई किताबों का विमोचन किया। इस अवसर पर त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मंत्री ने उन 41 युवा लेखकों को बधाई दी जिनकी किताबें इस मंच पर लॉन्च हुईं। उन्होंने कहा कि इन युवा लेखकों की रचनात्मकता और लेखन भारतीय साहित्य को समृद्ध बनाएंगे और बौद्धिक चर्चा को एक नई दिशा देंगे।



### योजना के लिए पीएम को धन्यवाद दिया

मंत्री ने प्रधानमंत्री को पीएम युवा योजना के विजन के लिए धन्यवाद देते हुए इसे राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेने वाली पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना उभरते हुए लेखकों को मार्गदर्शन और मंच प्रदान करती है जिससे वे भारतीय संस्कृति, इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और भाषा-साहित्य से जुड़ी कहानियों को उजागर कर सकें। भारतीय भाषाओं में किताबों को बढ़ावा देना एक राष्ट्रीय मिशन है।

**भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा मिलेगा**

उन्होंने कहा कि यह पहल इस मिशन को और गति देगी। उन्होंने नेशनल बुक ट्रस्ट की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था भारतीय भाषाओं में साहित्य को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम है।

**'द सागा ऑफ कुडोपली' का विमोचन किया**

मंत्री ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक पर आधारित पुस्तक 'द सागा ऑफ कुडोपली : द अंसंग स्टोरी ऑफ 1857' के हिंदी अनुवाद का विमोचन किया। यह कई भाषाओं में होगी।

## ट्यूलिप महोत्सव



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा नई दिल्ली में शांति पथ, चाणक्यपुरी के लॉन में ट्यूलिप महोत्सव आयोजित किया गया। फूलों को निहारते हुए पर्यटक।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद

# कांग्रेसियों की 'दिली खुशी' में शामिल है सीएम ममता, उद्धव, पवार को 'मैसेज'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस लगातार जीरो पर आउट होने के बाद इस बार खुश क्यों नजर आई? सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए जिसमें पार्टी के अलग अलग ठिकानों पर वरिष्ठ नेताओं के चेहरे पर खुशी के हावभाव दिखाई दिए। जो कभी कांग्रेस पार्टी का गढ़ रहा करती थी, जहां एआईसीसी का मुख्यालय है, जहां शीर्ष नेतृत्व मौजूद है, वैसी दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की बार बार होती दुर्गति पर नेताओं का 'अट्टहास' 70 सीटों में 67 सीटों पर जमानत जब्त, फिर भी दो फीसदी वोट बैंक बढ़ने के सुखद अहसास को ठहाके में बदलने का कारण तो हो नहीं सकते, तो फिर क्या कारण है? सुप्रीया श्रीनेत कहती हैं, दिल्ली की जिस शीला दीक्षित सरकार को कोसकर, मनमोहन सरकार पर फर्जी आरोप चस्पा कर केजरीवाल सत्ता में आए थे, उन्हें दिल्ली वालों ने सत्ता से बेदखल किया तो जाहिर है कांग्रेस नेताओं के चेहरे पर खुशी तो होगी! हार का गम है लेकिन उस गम से ज्यादा खुशी इस बात की है कि दिल्ली वालों ने कांग्रेस के नेरेटिव को स्वीकार किया, हमें वोटों से नवाजा और केजरीवाल के फर्जीवाड़े का अंत हुआ।

कांग्रेस पार्टी की उच्चाधिकार प्राप्त समिति, सीडब्लूसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन को जो नेता नेतृत्व करने का ख्वाब पालकर दूसरे नेताओं को बरगलाकर खुद के लिए समर्थन जुटाता है, गठबंधन के दल के बड़े नेता कांग्रेस की बजाय आप को समर्थन देने की घोषणा करते हैं, उन नेताओं को भी अब आत्ममंथन की जरूरत है।सीएम ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार ने आप को समर्थन देकर कांग्रेस को चिढ़ाने का काम किया था।

## सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# पहले 'वेव्स' समिट की मेजबानी करेगा भारत, वैश्विक कंटेंट हब बनेगा

### यह समिट जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित होगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने वेव्स सलाहकार बोर्ड की एक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की थी। इस बैठक में अनिल कपूर, चिरंजीवी और अनुपम खेर जैसे दिग्गज कलाकार भी शामिल हुए थे। भारत में एक मई से 4 मई तक विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट (वेव्स) समिट का आयोजन किया जाएगा। यह समिट मुंबई में जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित होगी। रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि वेव्स-2025 से भारत दुनिया का रचनात्मक केंद्र बनने की नींव रख रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ एडवाइजरी बोर्ड की एक प्रेरणादायक बैठक हुई। इसके जरिए भारत वैश्विक कंटेंट हब बनने के लिए तैयार है।

**एक से चार मई तक दिग्गज लेंगे हिस्सा**



### इन दिग्गजों ने भी लिया था हिस्सा

प्रधानमंत्री के साथ बैठक में सुंदर पिचाई, सत्या नडेला, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, चिरंजीवी, मोहनलाल, रजनीकांत, आमिर खान, एआर रहमान, अक्षय कुमार, रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, मुकेश अंबानी और आनंद महिंद्रा सहित कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया था।

**हम भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाएंगे**

पीएम के साथ बैठक के बाद अभिनेता अनिल कपूर, अनुपम खेर, चिरंजीवी ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर प्रधानमंत्री का आभार भी जताया था। कपूर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, वेव्स के सलाहकार बोर्ड का हिस्सा बनना और योगदान करने का अवसर मिलना सम्मान की बात है। हम भारत को वैश्विक मनोरंजन का केंद्र बनाएंगे।

### सलाहकार बोर्ड के साथ पीएम मोदी ने की थी बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस समिट को लेकर 7 फरवरी को एक बैठक की थी। इस बैठक में कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। बैठक के बाद पीएम ने एक सोशल मीडिया पोस्ट भी साझा किया था। उस पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक बैठक में हिस्सा लिया।

# ला लिगा : एमबापे और अल्वारेज ने दागे गोल, एटलेटिको और रियल का मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबापे के गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में एटलेटिको मैड्रिड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया और अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा।

जूलियन अल्वारेज ने 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर एटलेटिको को 1-0 की बढ़त दिलाई लेकिन एमबापे ने 50वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया जो अंत तक बराबर रहा। इस ड्रॉ के बाद रियल मैड्रिड की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। एटलेटिको इतने ही मुकाबलों में 49 अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। रियल मैड्रिड की टीम अब मंगलवार को चैंपियन्स लीग नॉकआउट दौर प्ले हाफ के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी से उसके मैदान पर खेलेगी।




### जीता बिलबाओ

अन्य मुकाबलों में एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-0 से जबकि सेल्टा विगो ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 3-2 से हराया। विलारीयाल ने लास पालमास को 2-1 से शिकस्त दी।

### एफए कप के पांचवें दौर में पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन।** रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियन्स लीग प्ले ऑफ से पहले मैनचेस्टर सिटी को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरे टीयर की टीम लेटन ओरिएंट के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए जूझना पड़ा। शनिवार को मैनचेस्टर सिटी ने ओरिएंट को 2-1 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई। ओरिएंट की टीम स्टीफन ओर्टेगा के 16वें मिनट में दागे आत्मघाती गोल से मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी अब्दुकोदिर खुसानोव और केविन डि ब्रून ने गोल दागकर चार बार के गत प्रीमियर लीग चैंपियन सिटी की जीत सुनिश्चित की। सिटी की टीम मंगलवार को चैंपियन्स लीग के दो चरण के प्ले ऑफ के पहले चरण में मैड्रिड की मेजबानी करेगी।



### न्यूकासल ने बर्मिंघम को हराया

न्यूकासल ने भी बर्मिंघम को 3-2 से हराकर एफए कप के अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन आठ बार के चैंपियन चेल्सी की टीम पांचवें मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद ब्राइटन के खिलाफ 1-2 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। बोर्नेमाउथ ने भी एवर्टन को 2-0 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई जबकि इपस्विच ने कोवेंट्री को 4-1 से शिकस्त दी। फुलहम ने विगान को 2-1 से हराया जबकि लीड्स की टीम मिलवाल के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## खबर संक्षेप




### एमआई केपटाउन पहली बार बनी एसए20 चैंपियन

**जोहानिसबर्ग।** पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए 20 खिताब अपने नाम किया। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा' के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए।

### यूपी वारियर्स की कप्तान बनीं दीप्ति

**नई दिल्ली।** यूपी वारियर्स ने रविवार को अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को डब्लूपीएल 2025 के लिए कप्तान नियुक्त किया क्योंकि नियमित कप्तान एलिसा हीली पैर की चोट के कारण लीग से बाहर हो गई हैं। वारियर्स को उम्मीद है कि दीप्ति डब्लूपीएल 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएगी जिसमें उसने आठ पारियों में 136.57 के स्ट्राइक रेट और 98.33 की औसत से 295 रन बनाए थे। दीप्ति ने अपनी ऑफ स्पिन से 7.23 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट भी लिए थे। 27 वर्षीय दीप्ति को कप्तानी का भी अनुभव है, उन्होंने घरेलू मैचों में बंगाल और पूर्वी क्षेत्र का नेतृत्व किया है।



### द.अफ्रीका ने नोर्किया की जगह बॉश को चुना

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को चोटिल तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया की जगह कोर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया। पिछल महीने पीठ की चोट के दोबारा उभरने के कारण नोर्किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से बाहर हो गए।पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बॉश ने सिर्फ एक एकदिवसीय मुकाबला खेला है जिसमें उन्होंने नाबाद 40 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी चटकाया।

### इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम पहुंची ओडिशा

**भुवनेश्वर।** इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के मैचों में भाग लेने के लिए रविवार को भुवनेश्वर पहुंची। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज टीम 15 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में मेजबान भारत और 25 फरवरी को शीर्ष रैंकिंग की टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। टीम के सदस्यों का यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ओडिशा खेल विभाग और हॉकी इंडिया ने जोरदार स्वागत किया।



# इंग्लैंड को चार विकेट से हरा भारत ने जीती श्रृंखला

*तूफानी शतक जड़कर फॉर्म में लौटे रोहित*

*गेल को पीछे छोड़ बने 'सिक्सर किंग'*

भाषा ▶▶| कटक

कप्तान रोहित शर्मा (119 रन) के विस्फोटकीय शतक और शुभमन गिल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी से भारत ने रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे रोहित ने बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर 26वें ओवर में आदिल राशिद की गेंद पर लांग ऑफ में खूबसूरत छक्का जड़कर वनडे में अपना 32वां सैकड़ा पूरा कर सुकून की सांस ली जो उनके चेहरे पर साफ दिख रहा था। इसके लिए उन्होंने 76 गेंद खेली जिसमें सात छक्के और नौ चौके जड़े थे। बाराबती स्टेडियम में बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 35 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने मध्य के ओवरों में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए इंग्लैंड को 49.5 ओवर में 304 रन पर समेट दिया। फिर भारत ने रोहित की 12 चौके और सात छक्के जड़ित 90 गेंद की पारी से यह लक्ष्य 44.3 ओवर में छह विकेट पर 308 रन बनाकर हासिल कर लिया। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह जीत भारत के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी। रोहित ने श्रेयस अय्यर (44 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी निभाई। भारतीय कप्तान की पारी का अंत 30वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन की गेंद को ऊंचा खेलने की कोशिश में मिडविकेट पर आदिल राशिद को कैच देकर हुआ। तब टीम का स्कोर तीन विकेट पर 220 रन था। इसके बाद अक्षर पटेल (नाबाद 41 रन) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 11 रन) ने आसानी से टीम तक पहुंचाया। पिछले मैच में सस्ते में आउट हुए रोहित ने मैच में शुरू से ही आक्रामक होकर खेलने की रणनीति बनाई। उन्होंने दूसरे ही ओवर में गुस एटिकन्सन की गेंद को फ्लिक करते हुए मिडविकेट पर उठा दिया जो सीधा छक्के के लिए पहुंचा जिसका स्वागत दर्शकों ने खुशी से चिल्लाकर दिया। भारतीय कप्तान ने फॉर्म में वापसी करते हुए अगले ओवर में साकिब महमूद की गेंद को कवर के ऊपर छह रन के लिए भेज दिया। फिर पांचवें ओवर में भी रोहित ने महमूद की गेंद को छक्के के लिए भेजकर अपने इरादे जतला दिए।



**सबसे ज्यादा छक्के**

| छक्के | खिलाड़ी |
|---|---|
| 351 | शाहिद अफरीदी |
| 336 | रोहित शर्मा* |
| 331 | क्रिस गेल |
| 270 | सनथ जयसूर्या |
| 229 | एमएस धोनी |
| 220 | इयोन मोर्गन |

उन्होंने महज 30 गेंद में चार चौके और चार छक्के से अर्धशतक जड़ दिया। गिल ने 14वें ओवर में मार्क वुड की गेंद पर एक रन लिया जिससे दोनों के बीच 100 रन की साझेदारी पूरी हुई।

अपनी रफ्तार से वुड हालांकि बल्लेबाजों को परेशान कर रहे थे लेकिन रोहित और गिल ने पूरी तरह दबदबा बनाये रखा। गिल ने अगले ओवर में आदिल राशिद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित फिर से पुरानी लय में दिख रहे थे और उन्होंने तेजी से रन जुटाते हुए फिर एटकिन्सन पर लांग लेग पर छक्का जड़ दिया। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने गेंदबाजी में बदलाव करते हुए जेमी ओवरटन (पांच ओवर में 27 रन देकर दो विकेट) को गेंदबाजी पर लगाया जिन्होंने आते ही बेहतरीन यॉर्कर पर गिल को बोल्ड कर दिया जिससे उनकी 52 गेंद की पारी का अंत हुआ जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल था। अब विराट कोहली (05) क्रीज पर थे और दर्शकों का उत्साह देखने लायक था।

*कंगारुओं की लगातार चौथी जीत*

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराकर 2-0 से किया क्लीनस्वीप




एजेंसी ▶▶| गॉल

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर दो मैच की श्रृंखला में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 2011 के बाद श्रीलंका में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही। पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह श्रृंखला जीतकर राहत की सांस ली होगी। स्मिथ का टेस्ट क्रिकेट में 200वां कैच किया। उनसे पहले सिर्फ चार खिलाड़ियों जाक कैलिस, महेला जयवर्धने, राहुल द्रविड़ और जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की है।

### करुणारत्ने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को श्रीलंका के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने की जमकर सराहना की, जिन्होंने गॉल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट के साथ ही अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। करुणारत्ने ने अपने विदाई टेस्ट में 36 और 14 रन की पारी खेली। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'दिमुथ का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने खेल के पारंपरिक प्रारूप में एक बल्लेबाज के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने।' छत्तीस साल के करुणारत्ने ने टेस्ट में लगभग 40 की औसत से 7222 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 244 रन रहा है। उन्होंने 50 एकदिवसीय में 1316 रन बनाए है। उन्होंने 2019 और 2023 के बीच 30 टेस्ट मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की, जिसमें 12 जीते और 12 हारे।



*रानी सूर्यमुखी देवी चैंपियनशिप*

# चैंपियन छत्तीसगढ़ का ओडिशा के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी -20 क्रिकेट चैंपियनशिप की डिफेंडर टीम छग स्टेट क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले दिन शनिवार को एक बार फिर गत वर्ष की उपविजेता ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन को हराकर टीम के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

अजय मंडल की कप्तानी में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 6 विकेट से हराकर जीत दर्ज की है। बल्लेबाज आशीष डहरिया (57) और प्रतीक यादव (44) इस जीत के हीरो रहे। वहीं इससे पहले खेले गए मैच में महाराष्ट्र इलेवन को विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 57 रनों के बड़े अंतर से चित कर दिया।

सीएससीएस से खिताबी हार का बदला लेने उतरी ओडिशा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन कप्तान की उम्मीद के उलट ओडिशा के बल्लेबाज सीएससीएस के गेंदबाजों केंद्र सामने ढेर होते चले गए। टीम 117 रन पर सिमट गई।

सीएससीएस की ओर से मयंक यादव (4 विकेट) और शुभम सिंह ने 3 विकेट लिए। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएससीएस 6 विकेट से जीत दर्ज की। अपनी घातक गेंदबाजी से प्रतिद्वंद्वी टीम को पीछे धकेलने वाले मयंक यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### 57 रन से जीता विदर्भ

महाराष्ट्र इलेवन के खिलाफ विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 ओवर में सिर्फ 3 विकेट खोकर 197 रन का बड़ा स्कोर सेट किया। 194 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरे महाराष्ट्र इलेवन टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। विजेता टीम के बल्लेबाज जगजोत ससन को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

*100 मीटर : ज्योति ने 13.10 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकार्ड में किया सुधार*

# ज्योति याराजी और तेजस शिरसे को राष्ट्रीय खेलों की बाधा दौड़ स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| देहरादून

आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और महाराष्ट्र के तेजस शिरसे ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमशः महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में लगातार तीसरे स्वर्ण पदक जीते। अपनी स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा में हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे। गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकेंड के समय के साथ 13.22 सेकेंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड है। पश्चिम बंगाल की मौमिता मंडल ने 13.36 सेकेंड के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि तमिलनाडु की नित्या रामराज ने 13.60 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बाइस साल के शिरसे ने 13.65 सेकेंड के समय के साथ 13.71 सेकेंड के अपने राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13.41 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल बनाया था। तमिलनाडु के मानव राजनारायणन ने 14.03 सेकेंड के साथ रजत जबकि केरल के मुहम्मद लजान ने 14.23 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं रुद्रपुर में एशियाई खेलों की टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता तमिलनाडु के निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडईमान ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा महिला स्पर्धा में शीर्ष पर रहीं। तोंडईमान ने ट्रैप फाइनल में 42 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि राजस्थान के अली अमन इलाही ने 41 के साथ रजत पदक जीता। उत्तराखंड के आर्यवंश त्यागी ने 29 के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। तोंडईमान 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। महिला वर्ग में मध्य प्रदेश की नीरू ढांडा ने 43 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की कीर्ति गुप्ता (42 अंक) से पहला स्थान हासिल करने से चूक गईं जबकि हरियाणा की आशिमा अहलावत (32 अंक) ने कांस्य पदक जीता।



*टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक चीन के किंगदाओ में खेला जाएगा*

# सिंधू चोट के कारण एशियन चैंपियनशिप से हटीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। इससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा।

भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'



### चोटों से जूझते हो गए तीन साल

सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गईं थी।

### भारत को मिला कठिन ग्रुप

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। सिंधू ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह टीम की हौसलाअफजाई करेंगी।

पीएम मोदी आज तीन दिवसीय फ्रांस दौरे पर होंगे रवाना

# पेरिस में होने जा रही एआई समिट की मैंक्रो के साथ करेंगे सह-अध्यक्षता

दुनिया को एआई के बढ़ते खतरे से बचाने का देंगे मंत्र

*पेरिस में होने वाली एआई समिट में दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। वे सभी एआई के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है।*

## कई देशों के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय फ्रांस दौरे पर रवाना होंगे। पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के विशेष निमंत्रण पर 10 फरवरी फ्रांस पहुंचेगे और 12 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरे पर पीएम खासतौर पर 11 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे।

इस समिट में दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। वे सभी एआई के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने यह जानकारी दी।

विक्रम मिस्त्री ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी 10 फरवरी की शाम को पेरिस पहुंचेंगे। इसी दिन शाम को पीएम मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लेंगे। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। यह रात्रिभोज फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास मशहूर एलिसी पैलेस में होगा, जहां टेक क्षेत्र के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी मौजूद होंगे।

एआई के इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर बनाएंगे गाइडलाइन


फाइल फोटो




### 12 से 13 फरवरी को यूएस दौरा

विक्रम मिस्त्री ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर पीएम मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा दोनों देशों के आपसी हित के सभी क्षेत्रों में नए अवसरों को शामिल करने में महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रतिबंधित और प्रतिनिधिमंडल स्तर दोनों प्रारूपों में द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ लोगों के पीएम मोदी से मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नए प्रशासन के कार्यभार संभालने के बमुश्किल तीन सप्ताह के भीतर पीएम को अमेरिका की यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है, जो भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्व और द्विपक्षीय समर्थन को भी दर्शाता है।

### लीडर्स डिक्लेरेशन स्वीकार किया जाएगा

विदेश सचिव ने बताया कि यह तीसरा उच्च-स्तरीय एआई शिखर सम्मेलन है। इससे पहले 2023 में यूके और 2024 में दक्षिण कोरिया में इसी तरह के सम्मेलन आयोजित किए गए थे। इस शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत और फ्रांस के बीच टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सहयोग को और मजबूती मिलेगी। यह सम्मेलन पूरी दुनिया को एआई के मामले पर एक मंच पर एकजुटता से एकत्रित होने का अवसर प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि सम्मेलन के अंत में लीडर्स डिक्लेरेशन (घोषणापत्र) को स्वीकार किया जाएगा।

### *80 देशों के अधिकारी और सीईओ हिस्सा लेंगे*

*बता दें कि तीसरी एआई समिट में अमेरिका से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीन से राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक विशेष दूत भी इस बैठक शामिल होगा। वहीं, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो, ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन, और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई समेत 80 देशों के अधिकारी और सीईओ भी हिस्सा लेंगे। इस समिट में टेस्ला के सीईओ इलन मस्क और चीनी एआई डीपसीक के फाउंडर लियांग वेनफेंग का शामिल होना तय नहीं हैं। यह समिट ऐसे वक्त में हो रही है जब कई लोग एआई की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह खेल के नियमों को तय करने के बारे में है। एआई को कानून के दायरे में लाना जरूरी है।*

### दोनों देशों के बीच होगी द्विपक्षीय बैठक

विक्रम मिस्त्री ने कहा कि सम्मेलन के बाद पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों सीईओ फोरम को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोनों के बीच द्विपक्षीय व प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों की आपसी भागीदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं (रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबला, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, वाणिज्य, उभरती हुई तकनीक, सिविल-न्यूक्लियर, नवीकरणीय ऊर्जा) सहित क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

एशिया का सबसे बड़ा एयर शो आज बेंगलुरु में

# पहली बार 'एयरो इंडिया' में हिस्सा लेंगे सुखाई एसयू-57, एफ-35 लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुखोई एसयू-57

'एयरो इंडिया' प्रदर्शनी में पहली बार दुनिया के दो सबसे उन्नत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- रूसी सुखोई एसयू-57 और अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग 2- भाग लेंगे, जो 'स्टेल्थ' (रडार से बचने) क्षमताओं से सुसज्जित हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एशिया के सबसे बड़े एयर शो के रूप में इसका 15वां संस्करण 10-14 फरवरी तक बेंगलुरू के येलहांका स्थित वायुसेना अड्डे पर आयोजित किया जाएगा।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 42,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित और 150 विदेशी कंपनियों सहित 900 से अधिक प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ यह आयोजन अब तक का सबसे बड़ा 'एयरो इंडिया' होगा।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह प्रदर्शनी वैश्विक रक्षा सहयोग और तकनीकी उन्नति में एक मील का पत्थर है, जो विमानन के शौकीनों और रक्षा विशेषज्ञों को इन अत्याधुनिक युद्धक विमानों को देखने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। इस संस्करण का व्यापक विषय है - 'एक अरब अवसरों का मार्ग'।

बयान में कहा गया है कि इतिहास में पहली बार, एयरो इंडिया 2025 में दुनिया के दो सबसे उन्नत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान - रूसी सुखोई एसयू-57 और अमेरिकी एफ-35 लाइटनिंग 2 - भाग लेंगे। सुखोई एसयू-57 विमान का वर्णन करते हुए कहा गया है कि रूस का प्रमुख स्टेल्थ बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान उत्कृष्ट हवाई श्रेष्ठता और हमला क्षमताओं के लिए डिजाइन किया गया है। उन्नत एवियोनिक्स, सुपरक्रूज क्षमता और स्टेल्थ तकनीक से लैस, यह विमान एयरो इंडिया 2025 में पहली बार प्रदर्शित हो रहा है। एफ-35 लाइटनिंग 2 लड़ाकू विमान के बारे में मंत्रालय ने कहा कि लॉकहीड मार्टिन का सबसे व्यापक रूप से तैनात पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान, उन्नत स्टेल्थ, अद्वितीय स्थितिजन्य जागरूकता और नेटवर्क लड़ाकू क्षमताओं को एकीकृत करता है।

मस्क का दावा, जिनके पास एसएसएन नहीं, उन्हें मिल रहे रुपए

# हर साल 100 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी का लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गर्वनमेंट एफिसिएंसी (डीओजीई) विभाग का गठन किया है। इस विभाग के प्रमुख टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिकी सरकार के पेमेंट सिस्टम पर आपत्ति जताई है। मस्क ने दावा किया है कि सरकारी पेमेंट सिस्टम में भारी गड़बड़ियां और 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संभावित धोखाधड़ी हर साल हो रही है। ये ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जिनके पास सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) नहीं है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं। अब से नए नियम के तहत की सभी सरकारी भुगतान होंगे। सरकारी भुगतानों के लिए 'भुगतान वर्गीकरण कोड' होगा। इससे बाद में इन भुगतानों का ऑडिट करना आसान हो जाएगा।

### नामीबिया के राष्ट्रपति नुजोमा का निधन

**विंधोएक।** नामीबिया के पहले राष्ट्रपति सैम नुजोमा का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सैम नुजोमा, उग्र स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने 1990 में रंगभेदी दक्षिण अफ्रीका से नामीबिया को स्वतंत्रता दिलाई और 15 वर्षों तक इसके पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, और जिन्हें राष्ट्रपिता के रूप में जाना जाता था। वर्तमान नामीबियाई राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने रविवार को नुजोमा के निधन की घोषणा की। म्बुम्बा ने कहा कि राजधानी विंडहोक में अस्पताल में भर्ती होने के बाद शनिवार रात नुजोमा का निधन हो गया।




युद्ध विराम समझौते का हो रहा पालन

# गाजा से पीछे हटी इजराइली सेना, सैनिकों का लौटना शुरू



एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल-हमास युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल सैनिक गाजा के आबादी वाले इलाकों से पीछे हटेंगे और फिलिस्तीनियों को इजराइल बलों की तरफ से निरीक्षण किए बिना, नेत्ज़ारिम से होकर गुजरने वाली एक केंद्रीय सड़क से उत्तर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।

रविवार को एक इजराइल अधिकारी ने कहा कि इजराइल सेना ने गाजा के एक महत्वपूर्ण गलियारे से हटना शुरू कर दिया है, जो हमास के साथ युद्ध विराम समझौते का हिस्सा है। इजराइल ने युद्ध विराम के हिस्से के रूप में नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेना हटाने पर सहमति जताई, यह एक भूमि पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी से विभाजित करती है।

### नेतन्याहू बोले दूसरे चरण के लिए बैठक करेंगे

इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे थे, जो दोनों पक्षों के बीच बातचीत में एक प्रमुख मध्यस्थ था, लेकिन इस मिशन में निम्न-स्तरीय अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि इससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू की तरफ से इस सप्ताह सौदे के दूसरे चरण पर प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाने की उम्मीद है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह कब होगी।

### फौरन बंधकों को रिहा करें

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को दोहराते हुए ये कहा है कि, हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा। 490 दिनों तक बंधन में रहने के बाद एली और ऑर ओहद अपने देश इजराइल में अपने घर पहुंच गए हैं। अब अमेरिकी विदेश मंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है।




### इल्तिजा का दावा, उन्हें हिरासत में लिया गया

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें जम्मू के सर्किट हाउस में हिरासत में लिया गया है। यह सब जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द करने के लिए किया गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह नया कश्मीर है और इसका असली चेहरा है। चुनी हुई सरकार दिल्ली में लंच आयोजित करने में इतनी व्यस्त है कि उसे मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों की चिंता नहीं है।

वहीं, पूर्व सीएम और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़ितों के परिवारों से मिलना और उन्हें सांत्वना देना अब अपराध बन गया है। यह पुलिस की हालिया कार्रवाई से स्पष्ट है, जिसने इल्तिजा को जम्मू के सर्किट हाउस में हिरासत में लिया है, और उन्हें प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से रोक दिया है। इल्तिजा कठुआ के बिलावर में माखन दीन के परिवार से मिलना चाहती थी, जिन्होंने हाल में आत्महत्या कर लिया था। हालांकि, उन्होंने आज सुबह पीड़ित परिवार से मुलाकात की है।

घातक प्रकोप: निपाह जैसा खतरनाक

# पहली बार मनुष्य में मिला कैंप हिल वायरस, संक्रमण की चिंता



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में पहली बार कैंप हिल वायरस की पहचान हुई है। यह वायरस छछूंदरों से मनुष्यों में फैल सकता है, जिससे वैज्ञानिकों में चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे हेनिपावायरस परिवार से माना जा रहा है, जो जूनोटिक वायरस है। यह चमगादड़ों व छछूंदरों का प्राकृतिक मेजबान है। हेनिपावायरस में अत्यधिक खतरनाक निपाह वायरस शामिल है, जिसने दक्षिण-पूर्व एशिया में घातक प्रकोप पैदा किया है।

जबकि कैंप हिल वायरस मनुष्यों में कभी दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन एक नए इंसानी भौगोलिक क्षेत्र में इसकी उपस्थिति एक बड़े खतरे की चेतावनी है। यह सांस लेने में दिक्कत, मस्तिष्क की सूजन, दौरे और कोमा का कारण बन सकता है। यह प्रायः गंभीर श्वसन रोग और इंसेफेलाइटिस का कारण बनता हैं और उच्च मृत्यु दर से जुड़ा है। वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं।

### मनुष्यों में फैल सकता है संक्रमण

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज का न्यूयॉर्क के शोधकर्ताओं ने एक क्षेत्र विशेष में वायरस की उपस्थिति की पुष्टि की है। हेनिपावायरस प्रजातियों की सीमा को पार कर सकता है और मनुष्यों सहित विभिन्न स्तनधारियों को संक्रमित कर सकता है। लैंग्या वायरस,कैंप हिल का सबसे करीबी ज्ञात वायरस है जिसने मनुष्यों को संक्रमित किया है। यह चीन में छछूंदर से लोगों में फैला। इसकी वजह से लोगों में बुखार, थकान और यकृत की शिथिलता जैसे लक्षण पैदा हुए।




11 से 14 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 का आयोजन

कई केंद्रीय मंत्री सम्मेलन में शामिल होंगे

# 10 लाख करोड़ के निवेश में से 70% को पूरा करने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 11 से 14 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्देश्य कर्नाटक में बड़े पैमाने पर निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने बताया कि इस आयोजन के दौरान 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है जिसमें से कम से कम 70% निवेश को साकार करने का लक्ष्य रखा गया है।

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत करेंगे जबकि सीएम सिद्धारमैया 11 फरवरी को शाम 4 बजे उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस अवसर पर सिंगल विंडो सिस्टम की शुरुआत करेंगे जिससे निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां और सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी, एचडी कुमारस्वामी, शोभा करंदलाजे और सोमन्ना जैसे कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समापन समारोह में भाग लेंगे।




### 200 एकड़ में स्टार्टअप पार्क

### नए औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे

मंत्री पाटिल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न उद्योगों के लिए नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना की जाएगी। इनमें कोलार जिले के सिनिवासपुरा में एडवांस्ड फार्मा पार्क, विजयपुरा में सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और फूड पार्क, चित्रदुर्ग में ड्रोन पार्क, जंगमणकोटे में डीप-टेक पार्क, हनुमंथपुर (दबासपेट के पास) में मेगा लॉजिस्टिक्स पार्क और चिक्कबल्लापुर व धारवाड़ में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्लस्टर शामिल हैं। इसके अलावा, हुबली एयरपोर्ट के पास 200 एकड़ में एक स्टार्टअप पार्क विकसित किया जाएगा।

### 60 से अधिक स्टार्टअप तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे

इस आयोजन में 60 से अधिक स्टार्टअप और प्रमुख उद्योगपति अपने नए इनोवेशन और तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें ऑटोनॉमस सिस्टम, कार्बन नैनोट्यूब, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और अत्याधुनिक रोबोटिक्स जैसी तकनीकें शामिल हैं। इस कार्यक्रम में 19 देशों के निवेशक भाग लेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109